
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी





रिलेशनशिप का नया ट्रेंड...

पर्मानेंट खूबसूरती की चाहत...


वर्ष : 12 | अंक : 171 | लखनऊ, 15 जून, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**खबर संक्षेप**

### अदिति पर भाजपाइयों ने कमेंट्स कराए



**मैनपुरी।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी अदिति पर सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर सियासत जारी है। मामले सांसद व अदिति की मां डिंपल की प्रतिक्रिया सामने आई है। कहा कि अदिति बिटिया के लिए जो बयानबाजी हुई है। वो भाजपाई कह रहे हैं। बयानबाजी हुई है, वह भाजपा के लोगों ने ही कराई है। राम मंदिर चोरी के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए मामला उछाला गया है।

### झारखंड के पूर्वी सिंहभूम 6700 लाभुक लापता



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 6700 लाभुक अपने दिए पते पर नहीं रहते हैं। उन्हें सामाजिक सुरक्षा विभाग के भौतिक सत्यापन में लापता माना गया है। सत्यापन का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा विभाग ने मंईयां योजना के शॉफ्टवेयर में बदलाव किया है, जिससे जो अर्हता पूरी नहीं करते, उनका भुगतान होल्ड कर दिया जाता है।

### मौसी ने 2 लाख में बेचा, 2 गिरफ्तार



**पूर्णिया।** एक महिला ने अपनी मौसी समेत छह के विरुद्ध मानव तस्करी, धोखाधड़ी व जबरन शादी कराने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि उसे गुजरात ले जाकर दो लाख में बेचा गया व उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी करा दी गई। मीरगंज थाने में पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है। मामले में दो महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### संपत्ति विवाद में बेटे और पोते का बुजुर्ग पर हमला : आरोपी गिरफ्तार

ठाणे : मुंब्रा के सम्राट नगर स्थित ख्वाजा पैलेस परिसर में संपत्ति विवाद को लेकर 72 वर्षीय बुजुर्ग पर उनके ही बेटे और पोते द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग का उपचार जारी है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। मुंब्रा पुलिस ने फरार दोनों आरोपियों को रायगढ़ जिले के पेन क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 10 जून 2026 की रात करीब 11 बजे ख्वाजा पैलेस, सम्राट नगर, मुंब्रा में संपत्ति विवाद के चलते मोहम्मद ख्वाजा शेख (45) और आयान मोहम्मद शेख (19) ने अपने पिता एवं दादा ख्वाजा शेख (72) पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

---

**तूल पकड़ रहा है राम मंदिर में चढ़ावे के करोड़ों की चोरी का मामला**

# अयोध्या राम मंदिर में हुई चोरी की जांच करेगी एसआईटी योगी सरकार ने दो सप्ताह के भीतर मांगी फाइनल रिपोर्ट

**अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,**

राम नगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के मंदिरों से चढ़ावा चोरी होने के प्रकरण में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शरण में है। ट्रस्ट ने चढ़ावा की धनराशि की बड़ी चोरी का पर्दाफाश करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का अनुरोध किया है।

ट्रस्ट के अनुरोध पर योगी सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है, जिसमें लखनऊ मंडलायुक्त आईएएस विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज आईपीएस किरन एस व विशेष सचिव वित्त आईएएस नील रतन को शामिल किया गया है। एसआइटी को सात दिन में अंतरिम रिपोर्ट और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

चढ़ावा चोरी लगातार बढ़ते आरोपों पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया है। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे के करोड़ों रुपए की चोरी के दावे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने शनिवार शाम को सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यालय में पत्र भेजकर चोरी के दावे की जांच स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) से कराने का अनुरोध किया है।



### ट्रस्ट ने पहले कही थी आंतरिक जांच और आडिट की बात

राम मंदिर में दान पात्रों में दान की गई धनराशि चोरी मामले में लगातार हो रही फजीहत के बाद ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चढ़ावे के रुपए की चोरी को लेकर रोज हो रहे नए प्रकरण पर अब विराम लगाने के क्रम में यह कदम उठाया है। इससे पहले ट्रस्ट की ओर से आंतरिक जांच और आडिट की बात कही जा रही थी। ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है कि दान पात्रों में धनराशि की चोरी से जुड़ी तमाम अफवाहों और दावों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया जाए। ट्रस्ट का कहना है कि एक उच्च स्तरीय एसआईटी जांच से न केवल इस पूरे प्रोपेगैंडा के पीछे छिपे चेहरों का पर्दाफाश होगा, बल्कि देश की जनता के सामने यह सच भी आ जाएगा।

ट्रस्ट का मानना है कि यह श्रीराम मंदिर की छवि और करोड़ों भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचाने की एक गहरी साजिश है, जिसका पर्दाफाश होना बेहद जरूरी है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) विशेष जांच दल है। यह पुलिस या कानून प्रवर्तन अधिकारियों की एक विशेष और पेशेवर टीम होती है। जिसे किसी अत्यंत गंभीर, जटिल या संवेदनशील आपराधिक मामले की गहराई से जांच करने के लिए गठित किया जाता है।

---

**गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा**

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश गुणवत्ता के साथ समय से पूरे हों काम

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शासन तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दोनों मंडलों में संचालित पुरानी व गतिमान परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाई जाए और हर काम गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

उन्होंने मानसून (बरसात) से पहले की परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने और उन्हें समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने पिछले वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराएं कार्य

**सीएम ने गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माण में तेजी लाने व जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।**

### जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराएं



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्राथमिकता तय कर सड़कों का काम तत्काल शुरू कराया जाए, जिससे आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। जून के अंत तक सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जाएं और इसके तुरंत बाद शिलान्यास कराया जाए। सभी जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने के बाद ही कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि काम बीच में न रुके और समय से पूरा हो।

#### मोहन सेतु की प्रगति की भी ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने देवरिया में निर्माणाधीन 'मोहन सेतु' के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कार्यस्थल का निरीक्षण करने और सेतु निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो भी ठेकेदार 'बिलो टेंडर' ले रहे हैं, उन पर पैनी नजर रखी जाए और ऐसे लोगों को चिह्नित किया जाए।

#### श्रमिकों की सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम

सीएम ने कार्यों की प्रभावी निगरानी पर जोर देते हुए अधिकारियों से कहा कि वे मौके का मुआयना करें और तकनीक के माध्यम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सेतु निगम के कार्यों में सुरक्षा मानकों पर विशेष जोर दिया। कहा कि कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए और उनके लिए सुरक्षा किट का इंतजाम रहे। सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करें।

#### आयुक्त व डीएम भी समय-समय पर करें समीक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण कराएं। इसकी कार्ययोजना तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय से धनराशि स्वीकृत हो सके। साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी समय से पूरी की जाए। कार्यों में गति लाने के लिए संबंधित कमिश्नर व जिलाधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित बैठकें कर समीक्षा करें।

---

**27 में सपा-कांग्रेस के साथ पर बोले**

# दोनों पार्टियों की डबल तैयारी हो रही है... 806 विधानसभा

**अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अगले साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी और सपा के साथ को लेकर पूछे गए एक सवाल का बड़ा दिलचस्प जवाब दिया है।



आगरा में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में अखिलेश से जब यह पूछा गया कि कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी प्रदेश की सभी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है तो अखिलेश ने कहा कि यदि कोई पार्टी 403 सीटों पर तैयारी कर रही और सपा भी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है तो बताओ डबल तैयारी हो रही है कि नहीं? अखिलेश ने कहा कि यह डबल तैयारी हो रही है, 806 विधानसभा। सपा और कांग्रेस पार्टी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है तो डबल तैयारी हो रही है। अब डबल तैयारी से भाजपा को हराना है।

#### अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला

'छोटा कारोबार, कारोबारी क्यों हो रहा बर्बाद' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम को अखिलेश यादव ने मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित किया। अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में सपा की सरकार आएगी और कहा कि तब व्यापारियों को काफी सहूलियत मिलेगी। सवाल-जवाब के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनी तो हम व्यापारियो के लिए इस तरह की योजनाएं लाएंगे की उन्हें व्यापार करने में आसानी हो। उनकी सरकार में व्यापारियों की सुरक्षा प्राथमिकता पर रहेगी।

#### सांसद सुमन के परिवार को सांत्वना दी

अखिलेश यादव आगरा पहुंचने के बाद सबसे पहले करीब दो बजे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने सांसद सुमन के नाती की असमय मौत पर दुख जताया। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देकर परिवार को सांत्वना दी।

---

# ट्रेन नहीं मिलने से भड़के छात्रों ने की तोड़फोड़, पुलिस ने लाठी भांजी, फायर किए और आंसूगैस के गोले दागे

## 6 छात्र गिरफ्तार, 500 के खिलाफ मामला दर्ज

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बिहार पुलिस मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा देने जा रहे हजारों अभ्यर्थियों ने ट्रेनों की कमी और ट्रेन लेट पहुंचने से नाराज होकर रविवार को पाटलिपुत्र स्टेशन पर जमकर बवाल काटा। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने रेलवे ट्रैक पर कूदकर ट्रेनों को रोक दिया, पथराव किया और एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ भी की। बिगड़ते हालातों को देखते हुए पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आश्रु गैस के गोले छोड़े, फिर फायरिंग कर दी। इस उपद्रव में जमकर पथराव किया गया, जिसमें आईजी सहित करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

**स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग पर अड़े रहे छात्र**



बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू होने से पहले पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षा देने पहुंचे छात्रों ने अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया।

#### परीक्षा छूटने के डर से भड़के छात्र

छात्रों की नाराजगी की वजह थी कि परीक्षा दो पालियों में होनी थी, जिसके लिए हजारों अभ्यर्थी रात में ही स्टेशन पहुंच गए। स्टेशन पर पर्याप्त ट्रेन व्यवस्था न होने और गाड़ियों के लेट होने से छात्रों में परीक्षा छूटने का डर सताने लगा। स्थिति तब और ज्यादा बिगड़ गई, जब पाटलिपुत्र से कटिहार के लिए चलाई गई एग्जाम स्पेशल ट्रेन स्टेशन पहुंची। इस दौरान अभ्यर्थियों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद नाराज छात्र पाटलिपुत्र-कटिहार एग्जाम स्पेशल ट्रेन के आगे पटरी पर बैठ गए और रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रों का कहना है कि अधिकारियों समाधान नहीं लाठियां भांजने पर ज्यादा भरोसा किया।

---

# मोदी-ट्रंप मुलाकात से पहले कांग्रेस ने उठाए सवाल, व्यापार समझौते पर जताई आपत्ति

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कांग्रेस महासचिव एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात से पहले केंद्र सरकार पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों के मन में यह सवाल सबसे प्रमुख है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका द्वारा ओमान तट के निकट एक जहाज पर किए गए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा राष्ट्रपति ट्रंप के समक्ष उठाएंगे?


जयराम रमेश ने कहा कि भारत को इस घटना की कड़ी निंदा करनी चाहिए और प्रधानमंत्री को अमेरिकी प्रशासन के सामने देश की चिंता स्पष्ट रूप से रखनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा 12 जून को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ हुई बातचीत के दौरान इस्तेमाल की गई कथित तौर पर ₹धमकीपूर्ण और अस्वीकार्य भाषा₹ पर भी आपत्ति दर्ज कराएंगे? कांग्रेस नेता ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर जल्द ही भारत दौरे पर आने वाले हैं ताकि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। जयराम रमेश के अनुसार, 3 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विशेष अनुरोध पर किया गया कदम बताया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते में भारत सरकार ने एकतरफा रियायतें दी हैं, जिससे देश के किसानों और उद्योगों के हित प्रभावित हो सकते हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप प्रशासन की टैरिफ व्यवस्था को निरस्त किए जाने के बाद मलेशिया जैसे देशों ने अमेरिका के साथ अपने व्यापार समझौतों को ₹निरर्थक₹ घोषित कर दिया है, लेकिन भारत सरकार ने इस पर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है।

---

# फ्री लैपटॉप के नाम पर वायरल हो रहा दावा फर्जी, केंद्र ने जारी की चेतावनी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर तेजी से प्रसारित हो रहे एक संदेश को पूरी तरह फर्जी करार दिया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वर्ष 2026 के लिए नेशनल स्टूडेंट लैपटॉप स्कीम के तहत छात्रों से मुफ्त लैपटॉप पाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई योजना घोषित नहीं की गई है और लोगों को इस तरह के भ्रामक संदेशों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सरकार की तथ्य जांच एजेंसी, पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने इस वायरल दावे की जांच के बाद इसे पूरी तरह झूठा और भ्रामक बताया है। पीआईबी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ₹नेशनल स्टूडेंट लैपटॉप स्कीम 2026₹ नाम से कोई योजना शुरू नहीं की गई है।



#### व्यक्तिगत जानकारी चुराने की हो सकती है साजिश

पीआईबी ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस प्रकार के संदेश अक्सर लोगों को धोखा देकर उनकी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से प्रसारित किए जाते हैं। ऐसे फर्जी लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल फोन, बैंकिंग विवरण, आधार संख्या, ओटीपी या अन्य संवेदनशील जानकारियां साइबर अपराधियों के हाथ लग सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, साइबर ठग अक्सर सरकारी योजनाओं के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को आकर्षक लाभ का लालच देते हैं और उन्हें नकली वेबसाइटों या संदिग्ध लिंक पर भेजते हैं। इसके बाद उनकी व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग किया जा सकता है।

#### अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने की सलाह

पीआईबी ने अपील की है कि वे सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल माध्यमों पर प्राप्त किसी भी संदिग्ध संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही किसी भी सरकारी योजना या भर्ती संबंधी जानकारी को साझा करने अथवा आगे भेजने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें।

---

**कॉकरोच जनता पार्टी का बेंगलुरु में बारिश के बीच प्रदर्शन**

**शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की इस्तीफे की मांग**

# एक्टर प्रकाश राज फूल लेकर शामिल हुए, वांगचुक ने कहा- ये गलतियां सुधारने वाला आंदोलन है

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने रविवार को बेंगलुरु में प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिनेता प्रकाश राज भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उनके हाथ में एक फूल था। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोग पोस्टर और छाते लेकर पहुंचे।

प्रदर्शनकारियों ने नीट पेपर लीक और सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इससे पहले हैदराबाद के धरना चौक पर भी प्रदर्शन हुआ था, जहां सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लोगों को संबोधित किया। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके और उनके समर्थक पिछले 9 दिनों में देश के 6 शहरों में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अभियान की शुरुआत 6 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर से हुई थी। 11 जून को पुणे, 12 जून को लखनऊ, 13 जून को अमृतसर और अब 15 जून को बेंगलुरु और हैदराबाद में प्रदर्शन किया गया। हैदराबाद में ऐक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा कि यह शिक्षा मंत्री बनने या कोई पार्टी बनाने का आंदोलन नहीं है। यह देश में युवाओं के साथ हो रही गलतियों को सुधारने का आंदोलन है। भविष्य में हमें ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था बनानी चाहिए, जहां भारत भयमुक्त हो, नफरत से मुक्त हो और हर व्यक्ति को बिना किसी सवाल के स्वतंत्रता मिले।


**पिछले 9 दिनों में देश के 6 शहरों में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं**



दीपके कभी भगत सिंह, कभी आंबेडकर तो कभी संविधान लेकर पहुंचे धरना स्थल पर

# दिलकुशा रेल ट्रैक मामले में आतंकी साजिश की आशंका

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कैंट एरिया के दिलकुशा हाल्ट के पास एक बार फिर ट्रेन पटरी से उतरते उतरते बची। रेलवे ट्रैक पर 50 किलो का लोहे का फ्रेम रखा मिला। पंजाब मेल को पलटाने की कोशिश की गई। मामले में आतंकी साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। अमृतसर से हावड़ा जा रही 13006 पंजाब मेल जब लखनऊ से होते हुए दिलकुशा हाल्ट पहुंची तो ट्रैक पर रखा फ्रेम इंजन में जा फंसा। लोको पायलट ने समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बड़ा हादसा टाल दिया।

## ट्रेन की रफ्तार कम थी

वरिष्ठ खंड अभियंता (रेलपथ) राजकिशोर मिश्र ने बताया कि ट्रेन संख्या 13006 पंजाब मेल दिलकुशा ब्लॉक हाल्ट के पास पहुंची, तभी लोको पायलट को ट्रैक पर लोहे का फ्रेम दिखा। ट्रेन की रफ्तार कम थी जिससे लोको पायलट ने ट्रेन को काफी हद तक काबू में कर लिया। हालांकि इंजन एंगल से टकरा गया। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी और आरपीएफ मौके पर पहुंचे तथा एंगल को हटाकर कब्जे में लिया। मामले की लिखित शिकायत पर कैंट थाने में रेलवे अधिनियम की धारा 151 और 153 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रात में बढ़ जाता है खतरा

रेलवे अधिकारियों के अनुसार रात के समय ट्रैक पर लोगों की आवाजाही कम होती है। इसी का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व ट्रैक पर बाधाएं रखने की कोशिश करते हैं। अंधेरे में दूर से छोटी वस्तुओं को देख पाना लोको पायलट के लिए भी चुनौतीपूर्ण होता है।

## लोहे के एंगल रहे नई चुनौती

हाल के वर्षों में ट्रैक पर सिर्फ पत्थर ही नहीं बल्कि लोहे के एंगल, सरिया, क्लैंप, रॉड और अन्य भारी औजार रखने के मामले भी सामने आए हैं। ऐसी वस्तुएं पहियों के संपर्क में आने पर डिरेलमेंट का खतरा पैदा कर सकती हैं।

## लखनऊ में कई बार टले बड़े हादसे

लखनऊ मंडल और आसपास के सेक्शनों में पेट्रोलिंग के दौरान ट्रैक पर संदिग्ध वस्तुएं मिलने के मामले सामने आए हैं। कई बार लोको पायलटों ने समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेनों को रोका, जबकि कई घटनाओं में ट्रैकमैन ने निरीक्षण के दौरान बाधाओं को हटाया।

## कई स्तरों पर निगरानी

रेलवे अब संवेदनशील रूटों पर रात में विशेष पेट्रोलिंग करा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस और इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से निगरानी करते हैं। कई स्थानों पर ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और आधुनिक संचार व्यवस्था का भी यूज किया जा रहा है।

## विशेषज्ञों की राय

रेलवे सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश साजिशकर्ता रात को इसलिए चुनते हैं क्योंकि उस समय पहचान होने के चांस कम रहते हैं। उनका कहना है कि तकनीक के साथ स्थानीय लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। रेलवे लाइन के आसपास रहने वाले लोग यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

## पहले भी आए हैं ऐसे मामले

- 22 जून 2025 : मल्हौर स्टेशन के पास हमसफर एक्सप्रेस के गुजरते समय ट्रैक लोहा रखा हुआ था।

- 22 अप्रैल 2025 : उतरठिया में ट्रैक पर भारी दरवाजा रखा गया, मालगाड़ी का बड़ा हादसा टला था।

- 16 अप्रैल 2025 : मलिहाबाद में गरीब रथ एक्सप्रेस के ट्रैक पर लकड़ी का तना रखा गया था।

- 24 अक्टूबर 2024 : मलिहाबाद में ट्रैक पर बड़े पत्थर और लकड़ियां रखी गई थी।

लोहे का फ्रेम कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरपीएफ और कैंट पुलिस दोनों साथ में मिलकर इस मामले में काम कर रही हैं। जल्द इस साजिश का खुलासा किया जाएगा।

# जिंदौर ने दौलतपुर को हराकर जीता दौलतपुर ग्रामीण नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र के दौलतपुर में आयोजित ग्रामीण नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शनिवार रात जिंदौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान दौलतपुर को छह रन से पराजित कर इस वर्ष का तीसरा खिताब अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट में मलिहाबाद क्षेत्र की 64 ग्रामीण टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जिंदौर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 78 रन बनाए। टीम की ओर से दानिश ने नाबाद 33 रन की शानदार पारी खेली, जबकि रईस ने 10, मुजम्मिल ने 13 और अनय ने 11 रन का योगदान दिया। 79 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दौलतपुर की टीम की ओर से अफसार और अरमान ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। जिंदौर के गेंदबाज अरबाज ने दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच में अपनी टीम की पकड़ मजबूत बनाए रखी। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दानिश को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट तथा मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं मुजम्मिल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और दौलतपुर के अकरम को बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन समारोह में दौलतपुर के ग्राम प्रधान पवन और अन्य लोगों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर क्षेत्रीय खेल प्रेमियों ने आयोजकों की सराहना की।

# नारायणपुर में भव्य क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ आज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बंथरा क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर गांव में युवा समाजसेवी सीरज सिंह चौहान के तत्वावधान में कल से भव्य क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस टूनार्मेंट में क्षेत्र की विभिन्न टीमें प्रतिभाग करेंगी और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। टूनार्मेंट का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवाओं में खेल भावना एवं आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## उद्घाटन समय : प्रातः 9:30 बजे

पुरस्कार राशि फाइनल विजेता टीम को 21,000/- नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। फाइनल उपविजेता टीम को 7,100/- नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजक सीरज सिंह चौहान ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# जिन्होंने राम को 'काल्पनिक' कहा, वे आज अयोध्या पर राजनीति कर रहे हैं; डॉ. राजेश्वर सिंह

**श्रीराम मंदिर केवल एक मंदिर नहीं, सदियों के संघर्ष, बलिदान और आस्था की विजय का प्रतीक है — डॉ. राजेश्वर सिंह**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अयोध्या और श्रीराम मंदिर को लेकर विपक्षी दलों द्वारा दिए जा रहे बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिन लोगों ने दशकों तक राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, करोड़ों हिंदुओं की आस्था का उपहास उड़ाया और प्रभु श्रीराम को 'काल्पनिक' तक कहा, वे आज अयोध्या के नाम पर राजनीतिक सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि देश और सनातन समाज यह नहीं भूला है कि किस प्रकार वर्षों तक राम जन्मभूमि के प्रश्न को वोट बैंक की राजनीति के कारण उलझाए रखा गया। उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। श्रीराम मंदिर का निर्माण किसी राजनीतिक दल की उपलब्धि नहीं, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के त्याग, संघर्ष, धैर्य और विश्वास की ऐतिहासिक विजय है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की धरती रामभक्तों के बलिदान, दशकों तक चले संघर्ष और उन असंख्य लोगों की तपस्या की साक्षी है, जिन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन को समर्पित किया। देश आज भी उन घटनाओं को याद करता है जब रामभक्तों की आस्था को राजनीतिक दृष्टि से देखा गया, आंदोलनकारियों की भावनाओं की उपेक्षा की गई और राम जन्मभूमि के प्रश्न को अनावश्यक रूप से लंबित रखा गया। ऐसे में वे लोग, जिन्होंने इस आंदोलन का विरोध किया या इसकी भावनाओं को समझने का प्रयास नहीं किया, आज स्वयं को अयोध्या का हितैषी बताने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि अयोध्या के विकास



और श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद पूरी दुनिया भारत की सांस्कृतिक शक्ति और सनातन परंपरा के वैभव को नए दृष्टिकोण से देख रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या न केवल आस्था की वैश्विक राजधानी के रूप में उभरी है, बल्कि आधुनिक बुनियादी ढांचे, पर्यटन, निवेश, रोजगार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी केंद्र बन रही है। आज अयोध्या में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है और करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह सत्य की असत्य पर, आस्था की उपेक्षा पर और धैर्य की निराशा पर विजय का प्रतीक है। यह मंदिर उन करोड़ों लोगों की भावनाओं का सम्मान है, जिनकी आस्था को लंबे समय तक राजनीतिक स्वार्थों के कारण अनदेखा किया गया। श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय आत्मविश्वास और सभ्यतागत गौरव के पुनर्जागरण का प्रतीक बन चुका है। डॉ. सिंह ने कहा कि अयोध्या को राजनीतिक अवसरवाद का मंच बनाने के बजाय सभी को उसकी गरिमा, पवित्रता और सांस्कृतिक महत्व का सम्मान करना चाहिए। प्रभु श्रीराम केवल एक धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय जीवन मूल्यों, मयार्दा, न्याय, करुणा और लोककल्याण के शाश्वत प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं और समाज को एकता, समरसता तथा कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देते हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि जो लोग कल तक राम मंदिर आंदोलन और रामभक्तों की भावनाओं के विरोध में खड़े थे, वे आज राजनीतिक परिस्थितियों के कारण अपनी भूमिका बदलने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इतिहास और समाज दोनों सब कुछ याद रखते हैं। अयोध्या की पवित्र धरती संघर्ष, बलिदान, तपस्या और आस्था की उस यात्रा की साक्षी है, जिसने अंततः सत्य को विजय दिलाई। अंत में डॉ. सिंह ने कहा, 'अयोध्या राजनीति का विषय नहीं, राष्ट्र की आत्मा का विषय है। श्रीराम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था, संघर्ष और सांस्कृतिक स्वाभिमान की अमर गाथा है। यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि उस सनातन चेतना का प्रतीक है जिसने सदियों की प्रतीक्षा, संघर्ष और बलिदान के बाद सत्य की विजय का इतिहास रचा है।'

# वृक्ष धरा के आभूषण, संरक्षण हम सबका संकल्प-केशव प्रसाद मौर्य

**वृक्ष धरा के आभूषण, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ रहा जन-जन**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को 'पीतल नगरी' मुरादाबाद में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा ह्यएक पेड़ माँ के नामह्ल अभियान प्रकृति संरक्षण को मातृ वंदना से जोड़ने वाला एक प्रेरणादायी जनआंदोलन बन चुका है। यह अभियान हमारी संस्कृति में प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण की रक्षा करना नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण देने का संकल्प भी है। पेड़-पौधे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, शुद्ध वातावरण और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपनी माताओं के सम्मान और स्मृति में एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही हरित उत्तर प्रदेश और स्वच्छ पर्यावरण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# 171 सप्ताह से निरंतर जनसेवा का संकल्प - 'आपका विधायक, आपके द्वार'

## डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर गांव तक पहुँची स्वास्थ्य सेवाएँ – 88 नागरिकों का नेत्र परीक्षण, 54 वरिष्ठजनों को निःशुल्क चश्मे

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित जनसंपर्क एवं समस्या समाधान अभियान 'आपका विधायक, आपके द्वार' के 171वें संस्करण का आयोजन अर्जुनगंज मंडल के ग्राम घुसवल कलां में किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें वृद्धा पेंशन (5), विधवा पेंशन (6), हैंडपंप रिबोर (1), मंदिर सौंदरीकरण (1), रोड एवं नाली निर्माण (2), स्कूल सौंदरीकरण (2), आयुष्मान कार्ड (6), राशन कार्ड (3), पार्क निर्माण (1), कॉलोनी की साफ-सफाई (1), किसान सम्मान निधि (1), आधार कार्ड (1) एवं हैंडपंप (1) से संबंधित मांगें शामिल रहीं। प्राप्त आवेदनों में से 6 वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विजन प्लस के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों का विस्तृत नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में 88 नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से 54 जरूरतमंद वृद्धजनों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। युवाओं को खेलों एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यक्रम में 185वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत बच्चों को क्रिकेट एवं वॉलीबॉल किट प्रदान की गई। वहीं 120वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर बालिकाओं को कैरम, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल किट वितरित की गईं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करते हैं तथा उन्हें नशे और सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान अर्थांश साहू (कक्षा 10, 82%), अनुष्का यादव (कक्षा 12, 89%), अथर्व जायसवाल (कक्षा 10, 87%) तथा सुहानी कनौजिया (कक्षा 12, 70.8%) को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राप्त सभी आवेदनों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। कुल 31 प्राप्त आवेदनों में से 6 आवेदनों का तत्काल निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में तारा शक्ति रसोई के अंतर्गत जरूरतमंदों एवं आमजन के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में मोहित तिवारी (मंडल अध्यक्ष), विवेक सिंह (मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री), कुलदीप पाण्डेय, प्रसेनजीत दास, दिवाकर सिंह, आशीष प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह नेगी, सुरेन्द्र राजपूत, तेज नारायण सिंह (वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता), राजेश पाल, राम सागर रावत, बीरेन्द्र सिंह, राजकुमार पाल, शिवकुमार सिंह, राम नारायण शर्मा, राम कुमार विश्वकर्मा, रमापति तिवारी, चंद्रदेव रावत, कैलाश रावत, कृष्ण कुमार जायसवाल, अजय कुमार रावत, पारो, सूरज पासी, रामचन्द्र, अरविंद शर्मा, अरविंद गुप्ता, हरिद्वार, महेन्द्र कुमार सुलेरे, चंद्रदीप, दीवानचंद्र, रामजी पाल, ननकऊ गुप्ता, मंशाराम, सन्नो वाल्मीकि, रेखा रावत, सुमनलता, दीपक कुमार, मुकेश यादव, बाबू सिंह चौहान, बीरेंद्र सिंह, संजय कुमार, विनीता अवस्थी, रामलोटन, चंद्रशेखर शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उनके इस अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान उनके गांव और द्वार पर ही सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, युवाओं के सशक्तिकरण, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उनकी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी।

# 15 जून से लखनऊ और नोएडा के बीच इंडिगो एयरलाइंस की सीधी उड़ान सेवा शुरू

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के भीतर हवाई संपर्क को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 15 जून 2026 से लखनऊ और नोएडा के बीच इंडिगो एयरलाइंस की सीधी उड़ान सेवा शुरू की जा रही है। इंडिगो एयरलाइंस द्वाराशुरू की जा रही इस नई उड़ान से दोनों शहरों के बीच यात्रा करने वाले व्यापारियों, कॉर्पोरेट पेशेवरों, उद्यमियों, विद्यार्थियों और आम यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। लखनऊ एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक इस रूट पर पहली उड़ान 15 जून सोमवार को संचालित होगी। जबकि इसका नियमित संचालन 1 जुलाई 2026 से शुरू होगा। नई उड़ान सेवा यात्रियों को एक ही दिन में दोनों शहरों के बीच आने-जाने का विकल्प भी प्रदान करेगी। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा जारी की गई समय सारणी के मुताबिक इसके तहत इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-2278) प्रतिदिन सुबह 7:05 बजे लखनऊ से रवाना होकर 8:05 बजे नोएडा पहुंचेगी। जबकि वापसी में उड़ान (6ई-2279) शाम 6:55 बजे नोएडा से उड़ान भरकर रात 8:00 बजे लखनऊ पहुंचेगी।इसके जरिए लोग दिन भर में अपना काम निपटाकर लखनऊ से नोएडा और नोएडा से लखनऊ वापस लौट सकेंगे। इस नई सेवा के शुरू होने से लखनऊ एयरपोर्ट के घरेलू उड़ान नेटवर्क का विस्तार होगा और प्रदेश के प्रमुख शहरों के बीच हवाई कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी। वहीं यात्रियों को बुकिंग एवं अन्य जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

# सड़क हादसे में कार सवार चार लोग घायल, डिफेंडर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में आगरा जिले के शाहगंज स्थित रुई की मंडी निवासी अख्तर हुसैन ने डिफेंडर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अख्तर हुसैन के मुताबिक बीते शुक्रवार शाम करीब 5:00 बजे वह वेन्यू कार से अपने परिवार के चार लोगों के साथ बिजनौर के शहीद पथ पर जा रहे थे। कार को जफर सिद्दीकी चला रहे थे। तभी शहीद पथ स्थित औरंगाबाद अंडरपास के ऊपर पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही डिफेंडर कार ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि हादसे के बाद डिफेंडर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि इस दुर्घटना में उसकी कार में सवार परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ सभी घायलों का आईसीयू में इलाज चल रहा है। फिलहाल अख्तर हुसैन की तहरीर पर पुलिस ने फरार चालक और वाहन स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बहू को मायके छोड़ने आए ससुर की ट्रेन से कटकर मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहू को मायके छोड़ने आए ससुर की रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से काटने से मौत स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्नाव जनपद के हसनगंज थाना क्षेत्र के गढ़ी बहरौली गांव निवासी हबीब (50) रविवार दोपहर को वह अपनी बहू शाहीन और अपनी दो पोती सुमैरा, जुबैरा को उसके ननिहाल नई बस्ती धनेवा छोड़ने आ रहे थे। तभी ननिहाल के परिजन उसे मलिहाबाद कस्बे में ही मिले और वहां से बहू और पोती को लेकर वहां से घर लौट आए। जिसके बाद कुछ घंटे बाद सूचना मिली कि हबीब महमूदनगर रेलवे फाटक से काकोरी की ओर जाने वाले रेलवे ट्रैक पर किलोमीटर संख्या 1094/05 और 1094/07 के बीच मालगाड़ी ट्रेन के आगे कूदकर कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि क्षत विक्षत अवस्था में हबीब का शव पड़ा मिला। वहीं उसका मोबाइल फोन भी कुछ दूरी पर बरामद हुआ। जिससे शव की शिनाख्त की जा सके। मृतक के शरीर का सिर और धड़ अलग पड़ा था। मृतक के परिवार में बेटा नबीहसन है जिनका रो रो कर बुराहाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद् सिंह भाटी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# हरौनी चौकी प्रभारी का सराहनीय कार्य, चौकी परिसर में मंदिर का निर्माण

अमन लेखनी समाचार/शुभम सिंह चौहान संवाददाता



लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरौनी पुलिस चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी द्वारा अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल की गई है। चौकी परिसर में मंदिर का निर्माण कराकर उन्होंने न केवल आस्था और संस्कारों को बढ़ावा दिया है, बल्कि पुलिस परिसर को एक सकारात्मक और शांत वातावरण प्रदान किया है। मंदिर निर्माण के बाद चौकी परिसर का माहौल आध्यात्मिक और सौहार्दपूर्ण हो गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि चौकी प्रभारी श्याम जी मिश्रा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक भावनाओं का भी पूरा सम्मान करते हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की खुलकर प्रशंसा की है। उनका कहना है कि ऐसे प्रयासों से पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास की भावना और अधिक मजबूत होती है। चौकी प्रभारी का यह कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला है और अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

# जनसहभागिता से मजबूत होता है सुशासन : धामी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। सरकार तभी प्रभावी मानी जा सकती है जब उसकी योजनाओं और नीतियों का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का लक्ष्य विकास को जनआंदोलन का स्वरूप देना है, ताकि हर नागरिक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का भागीदार बन सके। खटीमा के बगुलिया स्थित शहीद हरी किशन शिक्षण संस्थान में आयोजित जनज न की सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शासन व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया गया है। सरकार का प्रयास केवल विकास परियोजनाओं को शुरू करना नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है। इसी उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली तथा ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत संचालित दीदी कैफे का शुभारंभ किया।

## संक्षेप

### महिला ने अपने ससुरालीजनो पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत विवाहिता अधिक दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न किए जाने पर पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।थाना बिहार के नया खेड़ा गांव निवासिनी कंचन देवी पुत्री रूप बसंत ने तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 1 मार्च 2025 को प्रदीप कुमार पुत्र रामबालक निवासी भदिहा थाना बिहार के साथ हुआ था । शादी के बाद से ही ससुरालीजनो में पति प्रदीप ससुर रामबालक चचिया ससुर केशहेर व देवर प्रतीक अधिक दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज हुआ मारपीट करने लगे वह जान से मारने की धमकी देने लगे। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बंड हमीरपुर में एक तीस वर्षीय युवक का शव घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटका पाया गया। मृतक के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।बंड हमीरपुर निवासी उमेश तिवारी का 30 वर्षीय पुत्र राजकुमार नशे का आदी था बीती रात पत्नी रजनी के साथ बाद विवाद के बाद कमरे में जाकर लेट गया। पत्नी घर का काम करती रही ।काफी देर बाद जब कमरे पर गई तो पति का शव फांसी पर लटकता देख उसके चीख निकल गई ।परिवार के सब लोगों ने उधर जाकर देखा तो दंग रह गए ।आनन फानन शव को अस्पताल ले जाने के लिए नीचे उतारा तो देखा उसकी मौत हो चुकी है ।ग्राम प्रधान संदीप श्रीवास्तव की सूचना पर थाने के उप निरीक्षक जय प्रकाश भारती ने मौके पर जाकर विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है ।मृतक पत्नी के अलावा दो छोटे छोटे बच्चों को अपने पीछे छोड़ गया है।

### साईकिल सवार को बचाने के चक्कर में पलटी कार टला बड़ा हादसा

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 31 पर रविवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। ग्राम आकमपुर के समीप एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर तीन बार पलट गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्विफ्ट कार संख्या (UP 33 AU 3626) में सवार सभी यात्री लालगंज, रायबरेली के निवासी थे। कार के तीन बार पलटने और ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के बावजूद उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। मोटरसाइकिल सवार भी पूरी तरह सुरक्षित बताया जा रहा है और उसकी मोटरसाइकिल को भी कोई क्षति नहीं पहुंची ।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे की एम्बुलेंस टीम और राहत कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे ।एम्बुलेंस टीम द्वारा सभी यात्रियों की प्राथमिक जांच की गई, जिसमें सभी सुरक्षित पाए गए। इसके बाद मौके पर बुलाई गई क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से सीधा कराया गया और यातायात सुचारू रूप से बहाल किया गया। क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से सुरक्षित रूप से लालगंज पहुंचा दिया गया है।

# पुलिस विभाग के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में पुलिस विभाग के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। भूमाफियाओं ने मरहला चौराहा स्थित जमीन पर नौ पिलर लगाकर कब्जा करने की कोशिश की, लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी पिलरों को हटवा दिया।

जानकारी के अनुसार, मरहला चौराहा स्थित गाटा संख्या 65 की करीब नौ बिस्वा भूमि पुलिस विभाग को बैरक और हॉस्टल निर्माण के लिए आवंटित की गई है। इस भूमि पर पुलिस विभाग की ओर से सूचना बोर्ड भी लगाया गया है, जिसमें जमीन के आरक्षित होने की जानकारी दर्ज है।

पुलिस विभाग की भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जे की सूचना मिलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और अवैध रूप से लगाए गए सभी नौ पिलरों को हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उनका आरोप है कि अब भूमाफिया सरकारी विभागों की भूमि को भी निशाना बनाने लगे हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है ।लेखपाल आशू श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित भूमि पुलिस बैरक और हॉस्टल निर्माण के लिए उपलब्ध कराई गई है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा उस पर कब्जे का प्रयास किया गया है तो यह पूरी तरह अवैध है। मामले की जांच कर आवश्यक काजर्रवाई की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि भविष्य में दोबारा कब्जे की कोशिश न हो, इसके लिए भूमि की नियमित निगरानी की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## रक्तदान कैंप लगवाने और बीमारी से जूझ रहे लोगों की जान बचाने के लिए डीएम ने समाजसेवी को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रविवार को विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल उन्नाव में सम्मान समारोह रखा गया जिसमें कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष चेतन मिश्रा को जिला अधिकारी घनश्याम मीणा द्वारा उनके सामाजिक कार्यों के लिए वह रक्तदान कैंप लगवा कर सैकड़ों लोगों की जान बचाने हेतु सम्मानित किया गया इस मौके पर जिला अधिकारी ने समाजसेवी को माला पहना कर मोमेंटो देकर सम्मानित किया वही जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया सम्मानित होने पर चेतन ने सभी का आभार प्रकट किया वह सभी से अधिक से अधिक रक्तदान करने का निवेदन किया बता दें कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्तदान कैंप लगवाया जाता है जिसमें सैकड़ों लोग रक्तदान करते हैं रक्तदान के बाद उसी रक्त को पारदर्शिता के साथ रक्त की कमी से जूझ रहे लोगों तक पहुंचाया जाता है इसके साथ फाउंडेशन द्वारा विगत चार वर्षों से अन्नपूर्णा रसोई का संचालन भी किया जाता है जिसमें प्रत्येक सप्ताह ढाई सौ से तीन सौ गरीब परिवारों के लोग भरपेट भोजन करते हैं इतना ही नहीं लगातार समाजसेवा में निस्वार्थ भाव से समर्पित चेतन मिश्रा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे हैं उनकी कार्यशैली से आम जनमानस को लाभ मिलता है वही बुजुर्गो, लावारसी जनों ,बेजुबान के खाने की व्यवस्था जैसे कार्यों के लिए चेतन ने जनपद में अलग पहचान भी बना रखी है

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने संत की समाधि पर दी श्रद्धांजलि



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने आज रविवार को बाबा मिलन दास के परिजनों से मिलकर निर्मम हत्या पर गहरा दुख जताया और संत की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने प्रशासन से हत्यारों के खिलाफ शख्त कार्यवाही की मांग उठाई और नागरिकों से नगर का माहौल शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की। प्रतिनिधि मंडल ने राम-जानकी मंदिर निर्माण के बाबा के सपने को पूरा करने में तन-मन-धन से सहयोग करने की भी घोषणा की। प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी आरती बाजपेयी , सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विदुषी बाजपेयी , नगर अध्यक्ष इकबाल खान, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बांगरमऊ पप्पू द्विवेदी, वंश गोपाल मिश्रा, संजीव शुक्ला उर्फ गुड्डु, अनुज द्विवेदी, बबलू यादव व संतोष यादव शामिल रहे।

## पति-पत्नी के 29 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं नीतू सिंह जनपदीय अध्यक्षा वामा सारथी उन्नाव की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 07 ,महिला थाना से 05, थाना बांगरमऊ, थाना पुरवा से 04-04, थाना सोहरामऊ से 03, थाना मौरावां से 02, थाना बीघापुर, थाना दही, थाना फतेहपुर चौरासी , थाना औरास से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव पत्नी डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति डॉ शशी रंजना अग्निहोत्री, डॉ0 एस0के0 पाण्डेय संजय चौरसिया अवरार हुसैन सलाहकारों में डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद एवं पुलिस टीम में हेल्पडेस्क प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह,उप निरीक्षक मिथलेश, अंशु रानी, चिन्तन, सीमा, सेविका, प्रीति यादव, पूनम शाक्य, स्वाती, फूलचन्द सरोज, अंशु यादव, नीतू सिंह, तरूण रानी, नीतू का विशेष योगदान रहा।

## गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास में भरा पानी राहगीरों का सफर करना मुश्किल



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील पाटन क्षेत्र से होकर गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण हुआ है गंगा एक्सप्रेसवे सड़क का उद्घाटन हो करके रोड से आवागमन चालू हो गया है लेकिन ग्राम देवारा खुलसी खेड़ा का मजरा बेहटा उसराहा सहित अनेक जगह पर गंगा एक्सप्रेसवे में अंडर पास बनाए गए हैं लेकिन अंडर पास की ऊंचाई अधिक नहीं होने के कारण शनिवार को क्षेत्र में हुई तूफानी बारिश के कारण उनके नीचे ढाई तीन फीट तक पानी भर गया है जिसके कारण राहगीरों सहित आम जनता ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है किसान अपनी कृषि कार्य के लिए प्रतिदिन अनेकों चक्कर बच्चे महिलाएं पुरुष बुजुर्ग व उनके जानवर व अन्य राहगीरों को आने-जाने में समस्या हो रही है ग्रामीणों ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे से ग्रामीणों को कुछ भी लाभ नहीं मिला है

## खेलकूद मैदान की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत इसुनिया गांव में साल 18 में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा खेलकूद के लिए आरक्षित भूमि गाटा संख्या 122 रकबा 0.835 हेक्टेयर जिसमें 0.013 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर भवन निर्माण कराया गया जिसके बाद उसी भवन में मजहबी गतिविधियां संचालित होने लगी जिसके लिए मौलवी एनुल हक निवासी भट पुरवा धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी हाल पता इसुनिया मजहबी कार्यक्रम करने लगा जिसका ग्रामीणों ने बिरोध किया और साल 2023 मे न्यायालय में मुकद्दमा डाल दिया कि ग्राम पंचायत की भूमि खाली कराई जाय न्यायालय द्वारा 23/1123 कब्जा बेदखली का आदेश पारित किया गया इसके बावजूद प्रशासन के द्वारा कोई कदम नही उठाया गया जिस पर 2 मई 26 को ग्रामीणों ने तहसील दिवस मे शिकायती पत्र दिया कि अवैध निर्माण नही हटाया गया और वह कुछ न कुछ निर्माण चोरी छिपे किया जा रहा था प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा हटाने के लिए 2 जून को नोटिस जारी किया फिर 12 जून को लेकिन अवैध कब्जा नही हटाया जिस पर रविवार को एसडीएम सदर क्षितिज दिवेदी, नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, कानून गो अब्दुल सफी, लेखपाल कलश, एडिशनल एसपी अखिलेश सिंह, सीओ सफीपुर सोनम सिंह, सीओ बांगरमऊ संतोष कुमार सिंह, सीओ बीघा पुर मधुप नाम मिश्रा, सीओ सिटी, थाना प्रभारी, दही, अचलगंज, बारासगवर, एफ चौरासी, हसनगंज, महिला थाना पीएसी कम्पनी माखी थाना सहित बडी संख्या में पुलिस बल एहतियात के तौर पर तैनात कर जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण दहा दिया गया और मलबा हटवा कर भूमि का समतली करण करा दिया गया।

## मार्ग पर लगा हाइटगेज डंपर की टक्कर से टूटा

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहान अजगैन मार्ग पर लालपुर के पास लगा हाइट गेज शनिवार को एक अवैध डंपर की टक्कर से टूटकर सड़क पर गिर गया। यह हाइट गेज ओवरलोड और तेज रफ्तार बड़े वाहनों से होने वाले हादसों को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लगवाया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब हाइट गेज टूटा है। पिछले कई दिनों में यह 15वीं बार है जब हाइट गेज क्षतिग्रस्त हुआ है। प्रशासन ने हर बार इसे दोबारा लगवाया है, लेकिन अवैध डंपरों के कारण यह लगातार टूट रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हाइट गेज जिस स्थान पर लगा है, वहीं पास में एक धर्म कांटा (वजन कांटा) है। इसके चलते अवैध डंपर बगल से ही निकल जाते हैं और मनमानी करते हुए हाइट गेज को टक्कर मार देते हैं। लोगों ने सुझाव दिया है कि यदि इसे किसी दूसरी जगह लगवाया जाए, तो शायद यह टूटेगा नहीं। हाइट गेज लगने से क्षेत्र की जनता को हादसों से और फरहदपुर मंडी में लगने वाले जाम से काफी राहत मिली थी। इसके लगने के बाद लोगों ने प्रशासन की सराहना भी की थी। हालांकि, लगातार 15 बार इसकेटूटने से अब साजिश की चर्चाएं भी हो रही हैं कि कहीं जानबूझकर तो इसे नहीं तोड़ा जा रहा। इस संबंध में हसनगंज क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि उन्हें हाइट गेज टूटने की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यदि यह टूटा है, तो मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी डंपर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, हाइट गेज को पुनः लगवाया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला अधेड़ युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के दही चौकी पुरवा मार्ग तौरा गाँव के निकट एचपी पेट्रोल पंप के पास दूसरी साइड में बन रहे एक निमार्णाधीन आवास में पिता व पुत्र रहकर निर्माण करवा रहे थे। देर रात पिता फांसी के फंदे पर झूल गया। बेटे की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव पीएम को भेजा है। गंगाघाट थाना क्षेत्र के गांव गाजियाखेड़ा निवासी पिता राकेश कुमार 55 पुत्र कल्लू व बेटा सर्वेन्द्र कुमार पुरवा कोतवाली अंतर्गत दही चौकी पुरवा मार्ग तौरा गांव के निकट स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास दूसरी साइड पटरी में एक निमार्णाधीन आवास का काम करीब दो माह से रहकर करवा रहे थे। बेटे सर्वेन्द्र कुमार के मुताबिक पिता पुत्र दोनों खाना खाकर देर रात छत पर लेटने चले गए। कुछ समय बाद पिता ने नीचे कमरे में सोने की बात कहकर नीचे चले आए। जबकि बेटा छत पर ही सोता रहा। सुबह उठकर बेटे ने घर के कमरे में लगी खिड़की से देखा कि पिता फांसी के फंदे पर झूल गया यह देख बेटा सर्वेन्द्र शन्न रह गया। उसने आनन फानन परिजनों के साथ पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर शव पीएम को भेज दिया है। मृतक राकेश की मौत से पत्नी सावित्री, अन्य दो बेटों में देवेश व साहिल का रोरोकर बुरा हाल है। कोतवाल भूवन सिंह मौर्य ने बताया कि बेटे की तहरीर मिली है,कोई आरोप प्रत्यारोप नही है,शव पीएम को भेजा गया है पीएम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री एवं उन्नाव जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने रविवार को विकास भवन सभागार में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान सांसद डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग त्रिवेदी, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और एसएसपी जय प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और आम जनता तक उनका लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ₹कॉम्प्रोमाइज पीएम₹ बताए जाने वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की बातों पर अब कोई भरोसा नहीं करता। रजनी तिवारी ने आगे कहा कि देश लगातार विकास की गति पर आगे बढ़ रहा है और सरकार का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक काम करके देश को प्रगति के पथ पर ले जाना है। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र और प्रदेश सरकार ₹सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास₹ के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है ।प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि जनता विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देख रही है और सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देना है। राहुल गांधी के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा पर पूछे गए सवाल पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जो भी चुनाव लड़ना चाहता है, उसका स्वागत है, क्योंकि यह लोकतंत्र की खूबसूरती है कि जनता के बीच जाकर कोई भी अपनी बात रख सकता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस विषय पर बेहतर जवाब वही दे सकते हैं जो चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं।

## जिला पंचायत सदस्य पद के दो दावेदारों के समर्थकों के बीच वर्चस्व की जंग

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के ऊंचगांव के पास रविवार दोपहर समाजवादी पार्टी के दो जिला पंचायत सदस्य पद के दावेदारों के समर्थकों के बीच वर्चस्व की जंग सड़क पर आ गई। जनसंपर्क अभियान के दौरान काफिले को ओवरटेक करने और रास्ता न देने को लेकर दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई, जिसने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। दोनों गुटों के बीच सड़क पर ही लात-घूंसे चले और जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक गुट की गाड़ी में टक्कर मार दी गई और सोने की चेन छीनने का भी आरोप लगाया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है ।मिली जानकारी के अनुसार, भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 3 (बीघापुर तृतीय) से जिला पंचायत सदस्य सीट के लिए सपा नेता देवशरण यादव और भूपेश यादव दोनों ही प्रबल दावेदारी कर रहे हैं। रविवार को दोनों नेता अपने-अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क पर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, देवशरण यादव का काफिला आगे चल रहा था, तभी पाल्हेपुर टंकी के पास पीछे से आ रहे भूपेश यादव के काफिले ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और ऊंचगांव के पास टकराव हो गया। पीड़ित पक्ष के महेश यादव पुत्र गंगाप्रसाद यादव (निवासी भवानी खेड़ा) ने बारासगवर थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जब वे लोग भगवंतनगर से बक्सर रैली में जा रहे थे, तभी पाल्हेपुर टंकी के पास भूपेश यादव (निवासी आजमपुर खुर्द) ने अपनी गाड़ियों से हूटर बजाते हुए उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई, मारपीट हुई और उनके गले से सोने की चेन खींच ली गई। तहरीर में कल्लू यादव, पुत्ती यादव, सामिख यादव और देवशरण यादव द्वारा बीच-बचाव किए जाने का उल्लेख है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने ओवरटेक करने में गाड़िया आपस मे लड़ गयी थी ।लूट जैसी कोई घटना नही है। मामले की जांच की जा रही है।

## अधेड़ युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के ग्राम खत्रीखेड़ा में रविवार को एक 60 वर्षीय अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है ।मृतक की पहचान चिलौला, थाना अजगैन, उन्नाव निवासी रामसुमेर यादव (60) पुत्र स्वर्गीय रामाधार के रूप में हुई है। बताया गया कि रामसुमेर यादव का खेत दही थाना क्षेत्र के खत्रीखेड़ा गांव में ही था। उन्होंने अपने खेत में लगे नीम के पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी ।ग्रामीणों के अनुसार, जब कुछ लोगों ने खेत में पेड़ से शव लटका देखा तो उन्होंने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में दुख का माहौल छा गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर दही थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है ।दही थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस घटनास्थल से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटा रही है और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। थाना दही पुलिस ने पुष्टि की है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है।

## कंटेनरर ने बाइक सवार को मारी टक्कर महिला की मौत पति व बच्चे घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ मार्ग पर रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। इस घटना में महिला का पति और उनके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उन्नाव से कानपुर की ओर जाते समय त्रिभुवन खेड़ा के पास हुआ, जब पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी ।मृतका की पहचान 28 वर्षीय प्रज्ञा पांडे, पत्नी नीलेश मिश्रा, निवासी रायपुरवा, अनवरगंज, कानपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि प्रज्ञा अपने पति और बच्चों के साथ बाइक से यात्रा कर रही थीं। त्रिभुवन खेड़ा के निकट कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए ।हादसे में प्रज्ञा पांडे को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। उनके पति नीलेश मिश्रा और दोनों बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के कारण कुछ देर के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा ।प्रज्ञा पांडे का मायका उन्नाव के पीतांबरा नगर में है। जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनोद सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई है। पुलिस कंटेनर और उसके चालक के संबंध में जानकारी एकत्र कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही सुलझते हैं विवाद

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। दोनों देशों के अड़ियल रुख और लगातार हो रहे सैन्य हमलों ने वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानव सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा कर दिया है और पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। सबसे अधिक दुखद पहलू यह है कि किसी भी युद्ध की तरह इस संघर्ष का सबसे बड़ा खामियाजा आम और निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों में भारतीय क्रू वाले तीन जहाजों पर हमले हुए हैं। तीन भारतीयों की मौत हो चुकी है। अब अमेरिका ने भारतीय टैंकर जलवीर पर भी हमला कर दिया है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था ढहने के कगार पर है। अमेरिका-ईरान समेत सभी देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालात नहीं बदले तो जल्द ही जरूरी चीजों की कमी भी हो सकती है। ऐसे में अमेरिका-ईरान को समझना होगा कि वे लंबे समय तक युद्ध जारी नहीं रख सकते। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। इतिहास गवाह है कि अंततः हर बड़े संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकला है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह स्वीकार करना होगा कि लंबे समय तक सैन्य टकराव जारी रखना न तो उनके हित में है और न ही वैश्विक समुदाय के हित में। इसलिए दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। क्योंकि सभी समस्याओं का हल युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही निकलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार हमलों की धमकी देना और फिर ईरान द्वारा पलटवार करना स्थिति को और पेचिदा बना रहा है। ट्रंप लाख दावा करें कि उन्होंने ईरान को इतना कमजोर कर दिया है कि वो सरेंडर कर देगा, लेकिन यह हकीकत नहीं है। अमेरिका के हर हमले का ईरान ने तगड़ा जवाब दिया है। हालांकि इन हमलों की कीमत खाड़ी के देशों को चुकानी पड़ रही है। चूंकि इन देशों में अमेरिका के बेस हैं। इसी वजह से ईरान उन देशों को निशाना बना रहा है। ऐसे में अब खाड़ी देशों को भी अपनी सुरक्षा नीति बदलनी होगी और अमेरिका पर निर्भरता घटाकर अपनी सेनाओं को मजबूत करना होगा। इन देशों ने अमेरिका की सेना को लौटा दिया तो यह अमेरिका के लिए और शर्मनाक बात होगी। बेहतर हो कि एक बार फिर शांति की पहल हो और इस मामले का समाधान भी वार्ता के जरिये किया जाए। दोनों ही पक्षों को संयम दिखाने की जरूरत है, तभी इस मुद्दे का समाधान हो पाएगा। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता संयम, संवाद और शांति की है। युद्ध केवल विनाश, अस्थिरता और मानवीय त्रासदी को जन्म देता है, जबकि कूटनीति स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है। अमेरिका और ईरान सहित सभी संबंधित पक्षों को यह समझना होगा कि वैश्विक शांति और आर्थिक स्थिरता किसी भी सैन्य विजय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए समय की मांग है कि दोनों देश टकराव की राह छोड़कर वार्ता का रास्ता अपनाएं। यह न केवल उनके लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए सबसे बेहतर और जिम्मेदार विकल्प होगा।



केंद्र के 12 वर्ष
डॉ. सतीश पूनियां

# नए और सशक्त भारत का उदय

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो वैश्विक पटल पर महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण।

मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार यह जानती थी कि दुनिया के सामने खड़ा होना है तो हमें पहले आर्थिक ताकत बनना होगा। भारतीय नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त करना होगा। पिछले बारह वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों को सशक्त करने का काम किया है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध की आग से झुलस रही है, उस दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 की उत्साहजनक वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ रही है। ये आंकड़े ही साफ संकेत देते हैं कि देश के नागरिकों और दुनिया के निवेशकों का भरोसा मोदी सरकार पर लगातार बना हुआ है। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र के साथ काम आरंभ किया। इसका परिणाम आज देश के हर क्षेत्र में दिखाई देता है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के सामाजिक और आर्थिक भूगोल को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने बैंकों को खुद लोगों तक पहुंचा दिया। कभी देश की आधी से अधिक आबादी औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से कटी हुई थी। मोदी सरकार ने इस खाई को पाटने के लिए मिशन मोड में काम किया और आज 58 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को एक विजन दिया।

उन्होंने युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से उनको सपनों को पंख दिए। उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा किया। आज गांवों-शहरों में मुद्रा योजना के माध्यम से लाखों की संख्या में युवक स्वरोजगार के माध्यम से हजारों हाथों को काम दे रहे हैं। आंकड़े खुद इस योजना की सफलता की गवाही देते हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 57 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। 40 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे छोटे उद्यमियों के हाथों में सौंपी गई है। इसमें लगभग 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं और समाज के पिछड़े तबके से हैं। महंगी दवाओं और ईलाज को आसान बनाते हुए मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा को किफायती बना दिया गया है। देशभर में खुले हजारों जन औषधि केंद्रों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं बाजार मूल्य से पचास से नब्बे प्रतिशत तक कम



कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में कनेक्टिविटी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मोदी सरकार ने पिछले बारह वर्षों में 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' की गति और कवरेज में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इन वर्षों में ग्रामीण कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति देते हुए सात लाख किलोमीटर से अधिक लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। इसका असर यह हुआ है कि इन बारहमासी सड़कों ने न केवल किसानों की फसलों को मंडियों तक आसानी से पहुंचाया है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी सुलभ किया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 'जल जीवन मिशन' की घोषणा की और इसे एक जन-आंदोलन बना दिया। ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी का दायरा आज बढ़कर पंद्रह करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच चुका है। इस योजना ने ग्रामीण भारत, विशेषकर महिलाओं को पानी से होने वाली गंभीर बीमारियों से मुक्ति दी है। यह योजना 'ईज ऑफ लिविंग' का एक बेहतरीन उदाहरण है। कोविड महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया थम गई थी। लोगों के सामने भूखो मरने की नौबत आ गई थी, उस दौर में मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया कि देश का कोई भी गरीब परिवार भूखा न सोए। सौभाग्य से उस वक्त राजस्थान प्रदेश का भाजपा अध्यक्ष होने के नाते हमने प्रधानमंत्रीजी के निर्देशन में प्रदेश में यह सुनिश्चित किया कि पार्टी की तरफ से लोगों तक अधिक से अधिक सहायता पहुंचायी जाए। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत मुफ्त राशन की यह व्यवस्था आज भी अनवरत जारी है। देश के 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को हर महीने मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया जा रहा है। हर सिर पर छत के मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब तक चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण किया गया और उन्हें गरीब और बेघर परिवारों को सौंपा जा चुका है। हाल ही में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजना के अगले चरण को भी मंजूरी दे दी गई है। इसी तरह 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का फंड सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। यह पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का सबसे बड़ा प्रमाण है।

मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों ने भारत से गरीबी उन्मूलन के कार्य को एक अभूतपूर्व गति दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, आवास और स्वच्छता के मोर्चे पर चौतरफा सुधार के कारण पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के जाल से बाहर आए हैं। 2014 से पहले स्वच्छता भारत की प्राथमिकताओं में कहीं पीछे छूट गई थी, लेकिन जब लाल किले से प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत मिशन' का आह्वान किया, देशभर में रिकॉर्ड समय के भीतर 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया। इससे ग्रामीण स्वच्छता का दायरा 2014 के 39 प्रतिशत से बढ़कर अब शत-प्रतिशत हो चुका है। यह केवल एक स्वच्छता अभियान नहीं था, बल्कि यह देश की करोड़ों महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और स्वास्थ्य से जुड़ा एक ऐतिहासिक सामाजिक सुधार आंदोलन था। देश के श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने 'ई-श्रम' पोर्टल और विभिन्न पेंशन तथा बीमा योजनाओं के माध्यम से उनको संरक्षण देने की पहल की। आज देश के 31 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में शामिल हो चुके हैं। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो अपनी कमियों को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक पटल पर एक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

बालश्रम निषेध दिवस
रोहित कौशिक



# प्रगतिशील दौर के बावजूद बचपन पर मंडराता खतरा

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस प्रगतिशील दौर में भी बाल श्रम रुक नहीं रहा है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में दस श्रमिकों में से एक श्रमिक बच्चा है। बाल श्रम के विरोध में बने विभिन्न कानूनों के अतिरिक्त 2009 में बने 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत भी बाल श्रम को बढ़ावा देने वाले लोगों को दंड का प्रावधान है। 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत बच्चों को अपनी शिक्षा पूर्ण करने का अधिकार दिया गया है ताकि वे बाल श्रम से दूर रहकर अपनी इच्छानुसार भविष्य चुन सकें। इसके बावजूद ग्रामीण और शहरी इलाकों में बालश्रम को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। अनेक जगहों पर अभी भी छोटी बच्चियों को घर के काम के लिए रखा जाता है तो छोटे बच्चों से दुकानों, खेतों और अन्य स्थानों पर काम कराया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में 152 मिलियन बच्चे बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं, जिनमें से 7.3 फीसदी बच्चे भारत में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। विडम्बना यह है कि कोरोना काल ने बाल श्रमिकों को एक बड़े खतरे में डाल दिया है। बाल श्रम के कारण आज अनेक बच्चे कुपोषण और विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं। अक्सर हम बाल श्रम का अर्थ बहुत ही सीमित सन्दर्भों में लगाते हैं। अगर बच्चों के दिमाग पर किसी भी रूप में कोई दुष्प्रभाव पड़ रहा है और उनके दिमाग को परम्परागत श्रम से अलग श्रम करना पड़ रहा है तो वह भी एक तरह का बाल श्रम ही है। दुःखद यह है कि हम इस परम्परागत बाल श्रम पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन अपरम्परागत बाल श्रम पर ध्यान नहीं देते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

आज अनेक ऐसे बच्चे हैं जो भूत और किसी अन्य भटकती आत्मा के भय से प्रताड़ना की जिंदगी जी रहे हैं। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च ने बच्चों पर मीडिया के कुप्रभाव का व्यापक सर्वेक्षण कराया था। पांच शहरों में कराए गए इस सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष सामने आया था कि हिंसा और भय वाले कार्यक्रमों के कारण बच्चों पर गहरा भावनात्मक असर पड़ता है जो आगे चलकर उनके भविष्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विडम्बना यह है कि अब जलवायु परिवर्तन भी बच्चों को अपना शिकार बना रहा है। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 2.3 अरब बच्चों में से लगभग 69 करोड़ बच्चे जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं, जिसके चलते उन्हें उच्च मृत्यु दर ,गरीबी और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 53 करोड़ बच्चे बाढ़ और उष्णकटिबंधीय तूफानों से सर्वाधिक प्रभावित देशों में रहते हैं। गौरतलब है कि इनमें से ज्यादातर देश एशिया में हैं। करीब 16 करोड़ बच्चे सूखे से गम्भीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में पल-बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में से ज्यादातर अफ्रीका में हैं। अब ज्यादा या कम वजन होने का अर्थ भी कुपोषण ही है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में करीब 70 करोड़ बच्चे कुपोषण की चपेट में हैं। यह जरूर है कि वैश्विक स्तर पर कुपोषित बच्चों की संख्या में पहले की अपेक्षा कमी आई है लेकिन लैंसेट की एक रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में कुपोषण की स्थिति और खतरनाक होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। बीमारी के साथ-साथ ऐसे अनेक कारण हैं जिनके कारण बीमार बच्चों का समय से ठीक होना सम्भव नहीं हो पाता। कई बार ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं भी ठीक ढंग से उपलब्ध नहीं हो पाती हैं।

पिछड़े इलाकों में स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई का भी अभाव रहता है। जलवायु परिवर्तन इन्हीं सब कारकों को बढ़ाकर बच्चों के लिए अनेक समस्याएं पैदा करता है। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं, लेकिन समस्या तब आती है जब अत्यधिक व्यवस्तता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड दिया जाता है।

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा था कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो, आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर हो अमल

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब विदेशों से आता है, इनमें मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश है। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। – *संदीप शुक्ला, धमतरी*

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



'काकोरी ट्रेन एक्शन' के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मातृभूमि के प्रति आपका अद्वितीय समर्पण सभी को राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।
- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

### भारत की संप्रभुता



मोदी ने भारत की संप्रभुता, सम्मान और नागरिकों की जान पूरी तरह से ट्रंप के हवाले कर दी है। भारत को एक मजबूत प्रधानमंत्री की जरूरत है। ट्रंप को हमारे देश और हमारे लोगों के साथ अपनी मर्जी से कुछ भी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक



राजस्थान में बिगड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनराम और शहरी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन गोपाल के नेतृत्व मे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक और निंदनीय है।
-**अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

### गंभीर चुनौतियां



आज देश महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा में धांधली और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विवादों ने लाखों युवाओं और उनके परिवारों का भरोसा डगमगा दिया है।
-**मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### यह युद्ध का युग नहीं है विदेश मंत्री जयशंकर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्षों के बीच 'संवाद और कूटनीति' को ही एकमात्र समाधान बताया और भारत के इस रुख को दोहराया कि 'यह युद्ध का युग नहीं है।' जयशंकर ने बुधवार को अपनी बुल्गारियाई समकक्ष वेलिस्लावा पेट्रोवा-चमोवा के साथ बैठक के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा ''दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर और अनिश्चित दौर से गुजर रही है। कई बड़े संघर्ष जारी हैं, आर्थिक सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं, महामारी का हालिया अनुभव है और आतंकवाद का खतरा बार-बार सामने आ रहा है।' जयशंकर ने कहा, ''इन सभी मुद्दों पर भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है।

## ऑफ बीट

### भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते है

## संक्षेप

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पकड़ा, अस्पताल से हुई थी चोरी**

अमेठी ,पुलिस के 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत गौरीगंज पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है।उनके पास से चोरी की गई एक डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद हुई है, जिसे उन्होंने जिला अस्पताल गौरीगंज से चुराया था।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर गौरीगंज थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाली डीलक्स मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोका। जब उनसे वाहन के कागजात मांगे गए, तो वे कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखा सके।सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान सौरभ शुक्ला (23 वर्ष), पुत्र जगतपाल शुक्ला, निवासी पलटन का पुरवा, पहाड़गंज, और मुकेश शुक्ला (24 वर्ष), पुत्र राजेश शुक्ला, निवासी पहाड़गंज, शुक्लन पुरवा, के रूप में हुई है। दोनों गौरीगंज थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं।अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने यह मोटरसाइकिल तीन दिन पहले, 9 जून को जिला अस्पताल गौरीगंज से चोरी की थी। पकड़े जाने के डर से उन्होंने मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट निकालकर रास्ते में फेंक दी थी। बरामद की गई मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है।

### नई सड़कों की गुणवत्ता के जांच के आदेश

**सीडीओ की अध्यक्षता में समिति हुई गठित, भुगतान पर लगी रोक**

अमेठी ,नव निर्मित सड़कों के निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क/मार्ग निर्माण कार्य की निष्पक्ष और विस्तृत जांच सुनिश्चित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया गया है। यह समिति प्रकरण के सभी तथ्यों और तकनीकी पहलुओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को निर्देश दिए हैं कि जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने तक संबंधित ठेकेदार के किसी भी बकाया भुगतान का निस्तारण न किया जाए।अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगाउन्होंने स्पष्ट किया कि जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन गुणवत्ता और पारदर्शिता के प्रति पूर्णत प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल दो दिन पहले शाहगढ़ ब्लाक की एक सड़क का दो युवकों ने वीडियो बनाकर सोहल मीडिया पर वायरल करते हुए सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप लगाया था। जिसके बाद ठेकेदार की तहरीर पर दोनो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पूर्व कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंह युवकों के साथ खड़े नजर आ रहे है

# काटन रोधी परियोजना में हो रहा भ्रष्टाचार, ग्रामीणों ने जताया विरोध

**सुजौली क्षेत्र में बाढ़ कटान रोकने पर करोड़ों खर्च, सुरक्षा पर संशय**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा का अधिकांश क्षेत्र जंगल और नदियों से घिरा हुआ है यहां हर साल बाढ़ से सैकड़ो लोग तबाह हो जाते हैं और खेती योग्य जमीन और फसले जल मग्न हो जाती हैं जिससे आम जनमानस का काफी नुकसान होता है इस संबंध में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से काटन क्षेत्र में बांध की मांग की थी बांध के मांग की मंजूरी मिली और काम भी शुरू हुआ लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते काम में अनियमितता बरती जा रही है जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। घाघरा नदी के कटान से गांवों को बचाने के लिए 12.29 करोड़ रुपये की लागत से चल रही कटानरोधी परियोजना अब सवालों के घेरे में आ गई है। सुजौली क्षेत्र के मोहरवा, निषादनगर, आनंदनगर, बिहारीपुरवा, जयश्रीपुरवा और सतहवा समेत कई गांवों के ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो पहली ही बाढ़ में करोड़ों रुपये की यह परियोजना नदी में समा सकती है।ग्रामीणों का आरोप है कि करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबाई में लगाए जा रहे जियोबैग तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं हैं। जहां नदी का वास्तविक कटान हो रहा है, वहां सुरक्षा कार्य करने के बजाय जियोबैग जलस्तर से काफी ऊंचाई पर लगाए जा रहे हैं। इससे बाढ़ के दौरान नदी नीचे से मिट्टी काट लेगी और पूरा सुरक्षात्मक ढांचा बहने का खतरा बना रहेगा। आरोप और भी गंभीर तब हो जाते हैं जब ग्रामीण दावा करते हैं कि जियोबैग में निर्धारित मात्रा में बालू भरने के बजाय आसपास से खोदी गई मिट्टी भरी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग डेढ़ कुंतल क्षमता वाले जियोबैग में मात्र 20 से 30 किलोग्राम मिट्टी डालकर काम पूरा दिखाया जा रहा है। उनका कहना है कि मिट्टी भरे जियोबैग नदी की तेज धारा का दबाव नहीं झेल पाएंगे और पानी के संपर्क में आते ही उनका अस्तित्व खत्म हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि घाघरा नदी वर्षों से क्षेत्र में तबाही मचाती रही है। हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि और कई बस्तियां नदी की भेंट चढ़ चुकी हैं। ऐसे में लंबे संघर्ष के बाद स्वीकृत इस परियोजना से लोगों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन कार्य की गुणवत्ता देखकर अब लोगों में आक्रोश और निराशा दोनों बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बरसात सिर पर होने के बावजूद काम जल्दबाजी में कराया जा रहा है। कई स्थानों पर ऐसे हिस्सों में जियोबैग लगाए गए हैं जहां नदी का कोई सीधा दबाव ही नहीं है। इससे आशंका है कि सरकारी धन खर्च होने के बावजूद कटान की समस्या जस की तस बनी रहेगी। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत की आशंका जताते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मामले की शिकायत मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों से की जाएगी। इस दौरान गुलाब चंद्र मौर्य, राजा सिंह, उमाशंकर वर्मा, अभय, आशाराम, दिनेश गुप्ता, राहुल , भगवान दास आर्या, देवानंद प्रजापति, मिथुन, दीनानाथ गौतम समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच दिनेश प्रताप सिंह ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के नवनिर्मित भव्य स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प से यहां पर महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर एक भव्य स्मारक का निर्माण हुआ है। श्री सिंह ने स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए झील के चारों ओर पाथ-वे, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्द्रर्यीकरण कार्य कराये जाने का सुझाव दिया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने भव्य स्मारक के निर्माण में अधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों की भी सराहना की।

# प्रबुद्धजनों के सम्मान अभियान के तहत पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बलहा विधानसभा क्षेत्र में प्रबुद्धजनों के सम्मान अभियान के तहत पत्रकारों को उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री योगेश प्रताप सिंह तथा नानपारा चीनी मिल के उपाध्यक्ष वीरचंद्र वर्मा ने पत्रकारों के घर पहुंचकर उन्हें अंगवस्त्र एवं प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियों से संबंधित पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों के कार्यों की सराहना भी की गई। सम्मानित किए गए पत्रकारों में मिहींपुरवा निवासी मदन पोरवाल, योगेंद्र मौर्य, दुर्गेश वर्मा, तथा सर्राकला निवासी अजीत मौर्य, खड़िया निवासी अनिल मौर्य, शोभापुरवा निवासी रामादल यादव तथा भज्जापुरवा निवासी मिथिलेश जायसवाल शामिल रहे। इस अवसर पर योगेश प्रताप सिंह और वीरचंद्र वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों को सम्मानित कर उनसे संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

# युवा चेतना कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। दिनांक 14 जून रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में शहर के कपूरथला स्थित आडीटोरियम में युवा चेतना कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं के योगदान पर मंथन किया गया। गायत्री परिवार के प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का बड़ा योगदान है।युवाओं को सामाज में फैली तमाम प्रकार की कुरीतियों से दूर रहकर देश,समाज व परिवार के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए।उन्होंने कहा कि अच्छी पुस्तकों का अध्ययन कर युवा नई ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं।पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान जलाया जा रहा है। नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को बुराइयों से दूर रखना है।बनारस जोन के समन्वयक मानसिंह वर्मा ने कहा कि साधना,स्वाध्याय, संयम व सेवा की धारणा अपनाकर हमें निरंतर राष्ट्र व समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार की ओर से निरंतर समाज में फैली कुरीतियों के उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसमें हम सभी को अग्रणी भूमिका अदा करना है। कार्यशाला में आरएसएस के जिला कार्यवाह भूपेंद्र ,भगतराम मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, गायत्री परिवार के जिला संयोजक एसपी त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, रमेश त्रिपाठी, सत्यम सिंह, सत्यनारायण सिंह, लाडली प्रसाद वर्मा, राम सुंदर पांडेय,सियाराम जायसवाल,सतीश पांडेय,विष्णु पाठक समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोमती नदी पुल निर्माण में दरार

**सेतु निगम की लापरवाही उजागर, विधायक राजेश गौतम ने अधिकारियों को बुलाया**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,गोमती नदी पर बन रहे पुल के बीम में दरार आ गई है। इस घटना से सेतु निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ गए हैं और निर्माण में भ्रष्टाचार व अनियमितता के आरोप लगे हैं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने इस मामले में अधिकारियों को शाम को बुलाया है और जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर दिया है।दरार सामने आने के बाद ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों में हड़कंप मच गया। ठेकेदारों ने आनन-फानन में दरार वाले स्थानों को बोरे और कपड़े डालकर ढकने का प्रयास किया, जिससे उनकी कमियों को छिपाने की कोशिश उजागर हुई। यह पुल पिछले लगभग साढ़े सात वर्षों से निमार्णाधीन है। इसे वर्ष 2022 तक पूरा हो जाना था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी इसका काम अधूरा है। यह पुल कादीपुर विधानसभा के गुदरा और लंभुआ विधानसभा के सलाहपुर गांवों के बीच गोमती नदी पर बन रहा है। महावीरन पुल का निर्माण वर्ष 2018 में प्रस्तावित किया गया था और 2019 में कार्य शुरू हुआ था। बीच में काम रुकने के बाद, सेतु निगम ने इसे पूरा करने के लिए फिर से काम शुरू किया है।लंभुआ के पूर्व भाजपा विधायक देवमणि द्विवेदी ने स्थानीय लोगों की मांग पर सेतु निर्माण के लिए पहल की थी। उनके विधायक रहते हुए उनके पत्र और सेतु निगम के प्रस्ताव को उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या ने मंजूरी दी थी।

# सपा का आरोप: 11,514 पीडीए आरक्षित पदों पर घोटाला

**अमेठी में सरकार पर गंभीर आरोप, 'संविधान बचाओ' अभियान की घोषणा**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी।समाजवादी पार्टी (सपा) ने प्रदेश सरकार पर आरक्षण व्यवस्था से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। गौरीगंज स्थित सपा जिला कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने दावा किया कि पिछले आठ वर्षों में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग के आरक्षण में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं।राम उदित यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2019 से 2026 तक आयोजित 22 भर्ती परीक्षाओं का अध्ययन किया है। इसमें पीडीए वर्ग के लिए आरक्षित 11,514 पदों पर घोटाले की बात सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने आरक्षण नियमों का सही ढंग से पालन नहीं किया, जिससे हजारों पात्र अभ्यर्थी अपने अधिकारों से वंचित रह गए। उन्होंने कहा कि आरक्षण संविधान द्वारा प्रदत्त एक व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाना है। लेकिन, वर्तमान सरकार ने इस व्यवस्था को कमजोर करने का काम किया है। विभिन्न सरकारी भर्तियों में आरक्षण के नियमों का उल्लंघन हुआ, जिससे सामाजिक न्याय की अवधारणा प्रभावित हुई है। राम उदित यादव ने वर्ष 2018 की 69 हजार शिक्षक भर्ती का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में आरक्षण से संबंधित गंभीर विसंगतियां सामने आई थीं, जिसके कारण हजारों अभ्यर्थियों को लंबे समय तक मानसिक, आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह मामला आज भी युवाओं के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

# आंधी-तूफान से फसलों को भारी नुकसान

**खरबूज-तरबूज की बेलें पलटीं, आम के बागों में गिरे कच्चे फल; किसानों ने मांगा मुआवजा**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, तेज आंधी, धूल भरी हवाओं और बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। 70 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने खेतों में खड़ी कई फसलों को नुकसान पहुंचाया है। सबसे ज्यादा असर बेल वाली फसलों, टमाटर, मिर्च और आम के बागों पर पड़ा है। किसानों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण फसलों के फूल और फल झड़ गए हैं, जिससे उत्पादन में कमी आने की आशंका है। कई किसानों ने 15 से 30 प्रतिशत तक नुकसान होने का दावा किया है।

### खरबूज-तरबूज की बेलें पलटीं, फूल झड़े

किसान राम सिंह ने बताया कि तेज हवाओं से खरबूज और तरबूज की बेलें पलट गईं। इससे बड़ी संख्या में फूल झड़ गए, जो आगे चलकर फलों में बदलते। उनका कहना है कि बूंदाबांदी के बाद निकली तेज धूप का असर फलों की गुणवत्ता पर भी पड़ सकता है। राम सिंह के अनुसार, इस मौसमीय प्रकोप से उनकी फसल का 15 से 30 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है।

### टमाटर और मिर्च की फसल भी प्रभावित

किसान अशोक ने बताया कि आंधी के कारण टमाटर के कई पौधे टूट गए हैं। वहीं मिर्च की फसल में आने वाला फूल और बौर भी झड़ गया है। इससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम सामान्य नहीं रहा तो सब्जियों की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है, जिसका असर बाजार कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है।

### आम के बागों में 20–25% नुकसान का दावा

आम उत्पादकों को भी आंधी से बड़ा झटका लगा है। बागवानों के मुताबिक तेज हवा के चलते पेड़ों पर लगे कच्चे आम बड़ी संख्या में टूटकर जमीन पर गिर गए। कई फल गिरने के बाद फट गए, जिससे उन्हें सीधा आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने आम की फसल में 20 से 25 प्रतिशत तक नुकसान होने का अनुमान लगाया है।

### सर्वे और मुआवजे की मांग

किसानों का कहना है कि हर साल मौसम की मार से उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन राहत और मुआवजा मिलने की प्रक्रिया काफी धीमी रहती है। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराने, नुकसान का आकलन करने और किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# चांदा में हुई घटना पर बोले सपा प्रवक्ता

**अनूप संडा- 2014 के बाद बढ़ी नफरत की राजनीति का है यह नतीजा**

अमन लेखनी समाचार




सुल्तानपुर ,चांदा थाना क्षेत्र में 'जय श्री राम' के जबरन नारे लगवाने और मारपीट का एक वीडियो सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी सड़क पर उतर आई है। पार्टी ने एसपी को एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि चांदा क्षेत्र में दो लड़कों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें कुछ लोग पीड़ित लड़कों को पीटते हुए गाली-गलौज कर रहे हैं और उनसे जबरन धार्मिक नारे ('जय श्री राम') लगवाने का प्रयास कर रहे हैं। सपा ने चांदा पुलिस द्वारा अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कड़ी आपत्ति जताई है। सपा नेताओं का कहना है कि इस घटना के बाद फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक-दूसरे के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की जा रही हैं। इससे जिले का शांत माहौल और आपसी भाईचारा खतरे में पड़ सकता है। सपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक अनूप संडा ने इस घटना को बेहद निंदनीय और घृणित बताया। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से भाजपा ने देश में जिस तरह से नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिया है, उसी के परिणामस्वरूप असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। संडा ने स्पष्ट किया कि धर्म और जाति के आधार पर किसी की आस्था को ठेस पहुंचाना और हिंसा करना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी ने मांग की है कि इस तरह का कृत्य करने वाले अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे इस विवादित वीडियो को तत्काल हटाया जाए। एसपी को पत्र सौंपने वालों में सपा के जिला महासचिव सलाहुद्दीन अहमद, इसौली विधायक मोहम्मद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा और वीरेन्द्र मौर्या, हाजी मुबीन, प्रदेश सचिव सनी यादव सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

# जिम सेंटर में महिला टीचर से मारपीट का आरोप

**महिला सिपाही पर साथी के साथ मिलकर पिटाई और अभद्र व्यवहार का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , कुंडा कोतवाली क्षेत्र में एक जिम सेंटर में महिला टीचर से मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। आरोप एक महिला सिपाही और उसके साथी पर लगा है।जानकारी के अनुसार, भगवन तिराहा के पास स्थित एक जिम सेंटर में महिला टीचर और एक महिला सिपाही के बीच विवाद हुआ। पीड़िता का आरोप है कि धीरे बोलने के लिए कहने पर महिला सिपाही भड़क गई और मौके पर ही मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि विरोध करने पर महिला सिपाही ने अपने साथी को बुलाया। इसके बाद उसे जबरन थाने ले जाया गया। आरोप है कि थाने में एक कमरे में बंद कर



उसके साथ थप्पड़ मारे गए और अभद्र व्यवहार किया गया।पीड़िता का यह भी आरोप है कि शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। धमकी के बाद उसे थाने से छोड़ दिया गया।इस मामले में महिला कांस्टेबल शिखा मिश्रा और सिपाही हैरी सिंह पर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित महिला टीचर ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल, इस पूरे मामले की जांच की मांग उठ रही है और पीड़िता न्याय की गुहार लगा रही है।

# मसाला इकाइयों पर खाद्य विभाग की छापेमारी

**गुणवत्ता जांच के लिए पांच नमूने प्रयोगशाला भेजे गए**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मसाला इकाइयों पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न थोक एवं निर्माण इकाइयों से कुल पांच विधिक नमूने संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। यह अभियान सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 अभय कुमार सिंह के निर्देशन में और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में संचालित किया गया। खाद्य सचल दल ने जनपद के विभिन्न मसाला निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान, औद्योगिक क्षेत्र सुखपाल नगर स्थित मेसर्स श्री रमा गृह उद्योग से धनिया पाउडर के दो नमूने लिए गए। करनपुर स्थित मेसर्स हनुमत ट्रेडर्स से मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर के नमूने संग्रहित किए गए। इसके अतिरिक्त, मौलानी शीतलागंज स्थित मेसर्स प्रकाश एजेंसी से काली मिर्च का एक नमूना लिया गया। सभी पांच नमूनों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डॉ. तूलिका शर्मा और डॉ. शमशुन नेहा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।सहायक आयुक्त अभय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

## संक्षेप

### बैंक शाखा की मांग, ग्रामीण पहुंचे डीएम

**सुविधाओं के अभाव में लोग परेशान, पीएम-सीएम से भी गुहार**

बागपत ,असारा गांव में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। गांव के लोगों ने समाजसेवी मनीष चौहान के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की है ।ग्रामीणों का कहना है कि असारा गांव की आबादी काफी बड़ी है, इसके बावजूद यहां अब तक किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा नहीं खोली गई है। बैंकिंग सुविधाओं के लिए उन्हें दूसरे कस्बों और शहरों की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उनका समय और धन दोनों बर्बाद होता है। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और किसानों को बैंकिंग कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समाजसेवी मनीष चौहान ने बताया कि गांव में बैंक शाखा खुलवाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। हालांकि, इस दिशा में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लगातार प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।ग्रामीणों के अनुसार, जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस संबंध में लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) को पत्राचार किया गया है और मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अब जिला प्रशासन से ज्यादा उम्मीद नहीं रह गई है ।इसी कारण अब गांव के लोग प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि असारा गांव में बैंक शाखा का खुलना क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है ।ज्ञापन सौंपने के दौरान सोनम चौधरी, फुरकान अली, जावेद अली सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में गांव में बैंक शाखा खोले जाने की मांग दोहराई।

### रीनू हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार, चौथे की तलाश जारी

**गैराज में खड़ी बस में मिला था शव, जांच में जुटी पुलिस**

बागपत ,सिसाना गांव में रीनू उर्फ डांसर हत्याकांड में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में एक अन्य नामजद आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है ।रेनू उर्फ डांसर का शव बुधवार को सिसाना गांव के एक गैराज में रिपेयरिंग के लिए खड़ी बस में मिला था। परिजनों ने हत्या कर शव बस में रखने का आरोप लगाते हुए गांव के ही चार युवकों पर संदेह जताया था ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने काला, सागर और सुमित (सभी सिसाना निवासी) को गिरफ्तार किया है। संदीप नामक अभियुक्त अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें काम कर रही हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, रीनू की हत्या अवैध संबंधों के शक में की गई थी। बताया जा रहा है कि उसे रात में घर से बुलाया गया था, जिसके बाद उसकी हत्या कर शव को बस में रख दिया गया।

## रुपए समेत आभूषण लेकर भाग रहे चोरों को ग्रामीणों ने पीटा

### अवैध असलहा लगाकर घर के अंदर घुस कर खुलेआम डाला डांका

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलखेड़ा गांव में विगत रात्रि शनिवार प्रातः रविवार को चोरों ने एक घर पर वारदात की तथा 12000 रुपए समेत एक माला लेकर फरार हो गए मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण अवधेश कुमार अपने नजदीकी रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे वहीं घर में पत्नी शशिकला अपनी 6 वर्षीय बेटी के साथ खाना खाकर देर शाम सो गई अर्ध रात्रि के पश्चात बिजली चली जाने के कारण अचानक पंखा बंद हुआ जिससे पत्नी शशिकला की नींद खुल गई वही दरवाजे की तरफ देखा तो दरवाजा खुला दिखाई पड़ा पीड़िता को शंका हुई और उसने उठकर घर के अंदर चारों तरफ देखना प्रारंभ किया जहां अंदर मौजूद चोरों ने पीड़िता को अवैध असलहा लगाकर चुप रहने की धमकी दी यह देख पीड़िता ने शोर मचाने का प्रयास किया तो चोरों ने उसका गला दबा दिया वहीं कुछ ही मिनटों में पीड़िता का एक सोने का माला तथा घर में रखे 12000 नगदी लेकर चोर भाग खड़े हुए चोरों के घर से निकलते ही पीड़िता पत्नी शशिकला ने जोर से शोर मचाया और आसपास के पड़ोसी दौड़ कर पहुंचे जैसे ही घटना की जानकारी दी आनन फानन ग्रामीणों ने भागते हुए चोरों का पीछा किया तथा दौड़ाकर पकड़ लिया ग्रामीणों ने सभी की जमकर पिटाई की वहीं पुलिस प्रशासन को सूचना दी मौके पर पहुंचे नजदीकी थाना चांदपुर पुलिस प्रशासन ने सभी की जानकारी ली जहां मौजूदा चोरों ने गांगपुर (मकरंदपुर) गांव के गोपी शिवरतन तथा अजय पुत्र शिवरतन समेत ललितपुर जनपद के बार थाना क्षेत्र के इमलिया गांव निवासी रामरूप पुत्र धृतलाल के रूप में अपना परिचय बताया ग्रामीणों ने बताया कि अभी हाल ही में गांव के परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हुई चोरी की घटना पर उपर्युक्त अपराधी जेल जा चुके हैं जमानत में आने के पश्चात उन्होंने पुनः इस घटना को अंजाम दे दिया प्रशासन के चंगुल में फंसने के बाद भी चोरों ने प्रशासन के सामने ही पीड़िता शशिकला को जेल से छूट कर आ जाने के बाद देख लेने की धमकी दे डाली थाना प्रभारी चांदपुर में सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की

## समरसेबल के विवाद में ग्रामीण को बुरी तरह किया घायल

अमन लेखनी समाचार

बिदकीं, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरदारपुर में एक समरसेबल पंप के विवाद में ग्रामीणों ने अधेड़ को बुरी तरह जख्मी कर दिया मिली जानकारी के अनुसार सरदारपुर गांव निवासी 55 वर्षीय राम सिंह पटेल पुत्र स्वर्गीय राम सजीवन पटेल के घर के सामने कुएं में पड़ी समरसेबल मोटर हटाने के लिए कह रहे थे वही गांव के सूरज मयंक तथा राजेश विश्वकर्मा ने मिलकर ग्रामीण राम सिंह को जमकर पीटा जिससे पीड़ित के सर समेत अनेक अंगों पर गंभीर चोटें पहुंची परिजनों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी वही घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात घायल को फतेहपुर रेफर कर दिया ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण राजेश विश्वकर्मा द्वारा राम सिंह पटेल के दरवाजे में स्थापित कुए में समरसेबल की मोटर पूर्व काल में डाल दी गई थी जिसे हटाने के लिए राम सिंह पटेल ने कहा और आपस में झगड़ा हो गयो

## ग्रामीण दबंगों ने की मारपीट पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निरखी में दो पक्षों में हुई मारपीट के दौरान पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर प्रशासन ने जांच प्रारंभ की पीड़ित देशराज द्वारा मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के निरखी गांव निवासी पीड़ित देशराज विगत शुक्रवार को रात समय अपने घर के बाहर बैठा हुआ था इसी समय ग्रामीण राजेश वहां से निकला तथा अकारण गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर अभद्र गाली देने वाले राजेश के साथ भाई रमेश तथा ग्रामीण मित्र सुभाष भी दौड़कर आ गए और सभी ने मिलकर जमकर गाली गलौज और दंगा किया सभी लोगों ने मिलकर पीड़ित को जमकर पीटा वही बीच बचाव करने के लिए ग्रामीण चंद्रशेखर पहुंच गए जिन्हें भी उपर्युक्त आरोपियों द्वारा पीटा गया इस पूरी घटना में कई लोग चोटिल हुए वहीं मारपीट के पश्चात दबंग लोगों ने जल्द ही जान से मार देने की धमकी दे डाली पीड़ित ने अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन को सूचना दी तथा लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच प्रारंभ की

## लेफ्टिनेंट की पुण्य स्मृति में आयोजित हुआ धार्मिक अनुष्ठान

**गूढ़ेश्वर अखंड धाम में विशाल गदा हुआ स्थापित**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत नोन नदी के तट पर स्थापित भूगर्भित ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गूढ़ेश्वर अखंड धाम में देश के अमर सपूत लेफ्टिनेंट कर्नल अतुल सिंह सेंगर की पुण्य स्मृति में श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुआ सेना के अमर बलिदानी लेफ्टिनेंट अतुल सिंह सेंगर के पिता गोरे सिंह सेंगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अखंड धाम परिसर में महायज्ञ हवन संपन्न हुआ वही पूजन के पश्चात मंदिर प्रांगण अंतर्गत विराजमान पवन पुत्र श्री हनुमान जी महाराज के समक्ष विशाल काय गदा स्थापित की गई धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात मंदिर प्रांगण में महा भंडारा आयोजित किया गया आयोजित महा भंडारे में सर्वप्रथम कन्या भोज संत भोज कराते हुए भक्तों ने सभी ग्रामीण एवं क्षेत्र वासियों को महाप्रसाद वितरित किया जहां हजारों की संख्या में पहुंचे क्षेत्र वासियों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया इस मौके पर गांव के पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह गौतम अरुण तिवारी दीवान सिंह पवन पाण्डेय यशवंत सिंह अरविंद सिंह अनिल कुमार समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मंदिर परिसर पर जगह-जगह मौजूद रहा

## अमौली ब्लाक मुख्यालय में चार दिवसीय आयोजित हुआ जन कल्याण शिविर

अमनलेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड मुख्यालय में केंद्र सरकार के 12 वर्ष संपूर्ण होने के अवसर पर चार दिवसीय जन कल्याण शिविर आयोजित किया गया कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि भाजपा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ राम भक्त वर्मा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी आदि का भव्य स्वागत किया वहीं मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करते हुए मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम को गति प्रदान की मिली जानकारी के अनुसार बाल विकास ग्रामीण आजीविका मिशन समाज कल्याण कृषि शिक्षा स्वास्थ्य एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए इस महा शिविर में भाजपा कार्यकताओं ने आम जनमानस को सरकार की उपलब्धियों का संदेश दियो इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी मुन्नालाल खाद्य आपूर्ति निरीक्षक सुरेश चंद्र पटेल एडियो कृषि रविंद्र सिंह शिक्षिका शुभा मिश्रा सचिन उत्तम आर्य कुमार पाण्डेय सरोज बाला समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ब्लॉक मुख्यालय की कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे

## जनपद में जगह-जगह लगे स्वास्थ्य मेले मरीजों का हुआ उपचार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। संचारी रोगों से बचाव हेतु जनपद के सभी क्षेत्रों में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों इत्यादि में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया जनपद के सभी क्षेत्रों समेत अमौली विकासखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबद्ध प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर जजमोइया डिघरूवा आदि स्वास्थ्य केंद्रों पर मेला आयोजित किया गया विभाग के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार द्वारा मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर में स्वास्थ्य मेले अंतर्गत लगभग आधा सैकड़ा लोगों का परीक्षण किया गया वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जजमोइया में 41 तथा डिघरुवा में 43 लोगों का परीक्षण संपन्न हुआ सभी मरीजों को निशुल्क दवा चिकित्सकों द्वारा जांच करते हुए प्रदान की गई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 14 वर्षीय किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण करते हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव की योजना मुहिम चलाई गई स्वयं चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने सभी क्षेत्र के स्वास्थ्य मेलों का निरीक्षण किया वहीं आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति अनेक जानकारियां दी इस मौके पर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन पर चिकित्सक डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव डॉक्टर तृप्ती डॉक्टर रामशंकर डॉ श्याम सचान डॉ राजेश फार्मासिस्ट सुनील सचान राज बहादुर एएनएम अनामिका समेत क्षेत्र की सभी आशा कार्यकत्री व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे

## अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय पर जड़ा ताला

**मेरठ जिले को 6 करोड़ से अधिक राजस्व का नुकसान, ई-पंजीकरण का विरोध**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ,अधिवक्ताओं ने ई-पंजीकरण प्रणाली के विरोध में कलेक्ट्रेट स्थित रजिस्ट्री कार्यालय पर ताला जड़ दिया। उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का कहना है कि एक दिन रजिस्ट्री कार्यालय बंद होने से जिले को 6 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व का नुकसान हो रहा हैं। उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि दस्तावेज लेखक/कातिब/डीड राइटर सदियों से प्रदेश सरकार के अभिन्न अंग रहे हैं और भूमि रजिस्ट्री के माध्यम से सही राजस्व दिलाने में सहयोग करते हैं। उन्होंने सरकारी आदेश के तहत ई-पंजीकरण को निजी संस्थाओं द्वारा संचालित किए जाने का विरोध किया, जिन्हें 'फ्रंट ऑफिस' का नाम दिया जा रहा है। शर्मा ने पूर्व की घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि पहले भी रिकॉर्ड के कंप्यूटरीकरण का कार्य एक निजी संस्था को सौंपा गया था। उस संस्था ने संविदा पर कर्मचारियों को नियुक्त किया, लेकिन बीच में ही काम छोड़कर चली गई। इस अधूरे कार्य को बाद में सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों ने पूरा किया ।अधिवक्ताओं का तर्क है कि जमीन-जायदाद के दस्तावेज बेहद गोपनीय होते हैं। सरकारी कर्मचारी/ अधिकारी दस्तावेजों में गड़बड़ी करने से डरते हैं क्योंकि उन पर उच्च अधिकारियों और सरकारों का नियंत्रण होता है। दस्तावेज लिखने वाले व्यक्ति इन मामलों के विशेषज्ञ होते हैं ।एसोसिएशन ने बताया कि प्रत्येक दस्तावेज का प्रारूप एक जैसा नहीं हो सकता, क्योंकि पक्षकारों और संपत्ति के आधार पर प्रारूप तैयार किया जाता है। इसलिए, कोई भी एक प्रारूप संवैधानिक रूप से सही नहीं माना जाएगा। इससे संपत्ति विवादों में वृद्धि होगी।

## ओमकार हत्याकांड के 2 मुख्य आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

### दिल्ली में दोनों के पैर में गोली लगी, 14 दिन बाद भी नहीं मिला शव

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , लोनी क्षेत्र में डेयरी संचालक ओमकार की हत्या और अपहरण मामले में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान 50-50 हजार रुपए के इनामी सौरभ और गोपाल के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान दोनों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले का एक अन्य 50 हजार का इनामी आरोपी अभी भी फरार है।

### मालवीय नगर में हुई मुठभेड़

दिल्ली क्राइम ब्रांच को देर रात सूचना मिली थी कि गाजियाबाद के वांछित अपराधी सौरभ और गोपाल मालवीय नगर इलाके में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने अरबिंदो कॉलेज के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर दोनों आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में दोनों घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### 30 मई को दिनदहाड़े हुई थी वारदात

लोनी क्षेत्र में 30 मई को डेयरी संचालक ओमकार को बदमाशों ने गोली मारने के बाद अपने साथ ले गए थे। जांच में सामने आया कि ओमकार को सात गोलियां मारी गई थीं। परिजनों की शिकायत पर गांव के ही रहने वाले गौरव, सौरभ, गोपाल, मोहित समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा पाया गया।

### 14 दिन बाद भी नहीं मिला ओमकार का शव

मामले में गिरफ्तार आरोपी मोहित ने पूछताछ में बताया था कि ओमकार के शव को बागपत की एक नहर में फेंक दिया गया। वहीं दूसरे आरोपी गौरव ने दावा किया कि शव को पूठ गंग नहर में फेंका गया था। विरोधाभासी बयानों के चलते पुलिस की जांच और जटिल हो गई है। ओमकार की तलाश के लिए पुलिस की 10 टीमें और एनडीआरएफ लगातार सर्च अभियान चला रही हैं, लेकिन घटना के 14 दिन बाद भी शव बरामद नहीं हो सका है।

पंचायत में हुए विवाद के बाद रची गई हत्या की साजिशपुलिस जांच में सामने आया कि गोपाल के भाई अंकुर की हत्या के मामले में शिवम उर्फ शैंकी जेल गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद उसके स्वागत का वीडियो देवांश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था। इसी बात को लेकर गोपाल और सौरभ की देवांश से रंजिश हो गई थी।

## राम मंदिर चढ़ावे में चोरी, मेरठ में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

### पार्टी ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, उच्चस्तरीय जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,आम आदमी पार्टी ने राम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी और हेराफेरी के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। पार्टी ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और देशभर के श्रद्धालु विश्वास के साथ रामलला को चढ़ावा अर्पित करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी और हेराफेरी के आरोप सामने आना गंभीर विषय है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। संजय सिंह के बयान का किया जिक्र प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं संजय सिंह ने हाल ही में इस मुद्दे को सार्वजनिक रूप से उठाया है। पार्टी का दावा है कि इन आरोपों को लेकर जवाबदेही तय की जानी चाहिए और संबंधित तथ्यों को जनता के सामने लाया जाना चाहिए। जमीन खरीद मामले का भी उठाया मुद्दा अअढ नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े जमीन खरीद विवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी जमीन खरीद में अनियमितताओं के आरोप लगे थे और उस समय भी पार्टी ने जांच की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है। ट्रस्ट से मांगा स्पष्टीकरण अंकुश चौधरी ने कहा कि यदि चढ़ावे में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है तो संबंधित पक्षों को सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखने के लिए सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन प्रदर्शन के बाद पार्टी पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। पार्टी ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना चाहिए।

## शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

### लाखों का घरेलू सामान जलकर राख, परिवार सुरक्षित बचा

अमन लेखनी समाचार



जेवर ,ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे के मोहल्ला मीणा ठाकुरान में शाम शॉर्ट सर्किट से एक मकान में आग लग गई। इस घटना में घर का सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई ।मोहल्ला निवासी धर्मपाल मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गर्मी अधिक होने के कारण परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद मकान की छत पर चले गए थे। देर रात बिजली आने पर घर के अंदर विद्युत तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी ने आग का रूप ले लिया ।कुछ ही देर में आग ने घर में रखे फर्नीचर, कपड़े और अन्य घरेलू सामान को अपनी चपेट में ले लिया। परिवार को आग लगने की जानकारी तब हुई जब लपटें और धुआं तेजी से फैलने लगा। इसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई ।शोर सुनकर आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। कई लोगों ने अपने घरों के सबमर्सिबल पंप चालू कर आग पर पानी डाला, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## नोएडा में खाद्य विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

### मसालों की गुणवत्ता जांचने के लिए सैंपल लेकर लैब भेजे,रिपोर्ट आने पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,उत्तर प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मसालों की गुणवत्ता जांचने के लिए अभियान चलाया है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी के निदेशों पर यह कार्रवाई की जा रही है, जिसका उद्देश्य जनपदवासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराना है ।इसी कड़ी में, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविंद्र नाथ वर्मा की टीम ने जहांगीरपुर स्थित के एसपीआर स्पाइसेस एंड सीजनिंग प्रा. लि. की मसाला पैकिंग इकाई पर छापा मारा। यहां से खुली कश्मीरी मिर्च और हल्दी पाउडर का एक-एक नमूना तथा पैक्ड हल्दी पाउडर का एक नमूना लिया गया ।मौके पर निर्माण संबंधी अभिलेख न मिलने के कारण 199 किलोग्राम खुली कश्मीरी मिर्च और 2479 किलोग्राम हल्दी पाउडर जब्त कर लिया गया। यह सामग्री बाहर से पैकिंग के लिए मंगाई गई थी। अभियान के दौरान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस के पाण्डेय ने सेक्टर-57 नोएडा स्थित टुडे इंडस्ट्रीज प्रा. लि. की मसाला निर्माण इकाई से साबुत हल्दी और हल्दी पाउडर का एक-एक नमूना लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमर बहादुर सरोज ने सेक्टर 73 नोएडा स्थित अभि प्योर ब्रांड मसाले की निर्माण इकाई से खुला और पैक्ड धनिया पाउडर का एक-एक नमूना संग्रहित किया ।ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह ने कासना स्थित काव्यम फूड्स की मसाला निर्माण इकाई से लाल मिर्च पाउडर, साबुत लाल मिर्च, धनिया पाउडर और साबुत धनिया का एक-एक नमूना लिया।

## कंपनी कर्मचारी से 12.96 लाख का फ्रॉड


### शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराया, रुपए वापस मांगने पर मना किया

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,ग्रेटर नोएडा में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों ने एक कंपनीकर्मी से 12.96 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने कम समय में भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर निवेश कराया और बाद में रकम वापस करने से इन्कार कर दिया। पीड़ित ने घटना के करीब नौ महीने बाद साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गौर सिटी-2 की 14वीं एवेन्यू सोसाइटी निवासी उज्जवल चौधरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। अगस्त 2025 में उन्हें व्हाट्सऐप पर कुछ संदेश मिले। संपर्क करने पर संबंधित लोगों ने खुद को शेयर बाजार से जुड़ा बताया और ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए अच्छा मुनाफा कमाने का भरोसा दिलाया। डिमैट अकाउंट खुलवाकर कराया निवेश आरोपियों के कहने पर उज्जवल ने एक ब्रोकर के माध्यम से डिमैट अकाउंट खुलवाया और निवेश शुरू किया। शुरूआत में उन्हें लाभ मिलने का भरोसा दिया गया, लेकिन खाते में लगातार नुकसान दिखाया जाता रहा। ठग हर बार बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर अतिरिक्त रकम निवेश करने का दबाव बनाते रहे। अलग-अलग बहाने से जमा कराए रुपयेपीड़ित के अनुसार आरोपियों ने निवेश सीमा बढ़ाने, होल्डिंग चार्ज और नुकसान की भरपाई जैसे कारण बताकर बार-बार पैसे जमा कराए।

# रिलेशनशिप का नया ट्रेंड डिजिटल ब्वॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड







हाल के वर्षों में एआई ने अनेक प्रोफेशंस में जबर्दस्त बदलाव कर दिया है। अब प्रोफेशंस से भी आगे बढ़कर रिलेशनशिप में भी इसका दखल बढ़ने लगा है। इसका प्रमाण है, रियल के बजाय डिजिटल पार्टनर बनाने का बढ़ता ट्रेंड। यह ट्रेंड क्या है, यह क्यों बढ़ रहा है और आने वाले समय में इसके किस तरह के असर हम सभी को देखने को मिल सकते हैं, इसका डिटेल्ड एनालिसिस।

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

भले ही आज यह बात आपको थोड़ा असहज कर सकती है, लेकिन यह सच है कि रिलेशनशिप का नया ट्रेंड तेजी से सामने आ रहा है, वो है डिजिटल गर्लफ्रेंड-ब्वॉयफ्रेंड। डिजिटल गर्लफ्रेंड और डिजिटल ब्वॉयफ्रेंड (जीएफ/बीएफ) कोई साधारण ट्रेंड नहीं है, बल्कि इंसानी रिश्तों के ढांचे में अभूतपूर्व बदलाव की शुरुआत है।



### रियल पार्टनर जैसी फीलिंग

आज एआई आधारित एप्स और विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे रिपेलिका और करेक्टर एआई मौजूद हैं, जो यूजर के साथ उसी तरह रोमांटिक, भावनात्मक या निजी बातचीत करते हैं, जैसे ब्वॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड आपस में करते हैं। ये आपकी पसंद ही नहीं भावनाओं को भी समझते हैं, आपकी बातों पर प्रतिक्रिया देते हैं और पर्सनल पार्टनर जैसा अनुभव देते हैं।

### करोड़ों लोग हैं एक्टिव

डिजिटल गर्लफ्रेंड और डिजिटल ब्वॉयफ्रेंड कोई रेयर या एक्सेप्शनल फिनोमिना नहीं है। सच्चाई तो यह है कि अगर एआई कंपेनियनशिप एप्स के आंकड़ों को मानें तो इस समय दुनिया में 5 से 6 करोड़ जीएफ/बीएफ सक्रिय रूप में मौजूद हैं। पूरी दुनिया में 10 करोड़ से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जो इनके साथ किसी न किसी रूप से चैटबॉट्स के जरिए जुड़ते हैं। इनमें सिर्फ रिपेलिका के ही 3-4 करोड़ यूजर हैं, जबकि करेक्टर एआई के 2 करोड़ सिर्फ मंथली एक्टिव यूजर हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया के 21 फीसदी वयस्क एआई कंपेनियनशिप का इस्तेमाल कर चुके हैं और 72 फीसदी किशोर कम से कम एक बार ऐसे एआई से बातचीत की है। मतलब यह कि अब यह कुछ थोड़े से लोगों का शौक या प्रयोग भर नहीं है बल्कि यह बड़ी जनसंख्या का न्यू नॉर्मल व्यवहार है।

### अपने देश में भी बढ़ रहा ट्रेंड

भारत भी इस मामले में पीछे नहीं है। हालांकि भारत के अलग से सटीक आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इसका बढ़ता ट्रेंड साफ तौर पर देखा जा सकता है। और ऐसा हो भी क्यों न, आखिर भारत दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेट यूजर देश है। भारत में एक अरब से ज्यादा मोबाइल फोन इस्तेमाल में हैं और इनमें 80 करोड़ से ज्यादा में इंटरनेट का इस्तेमाल होता है। अगर एआई एप्स डाउनलोड ग्रोथ 2023-24 को देखें, तो भारत में इसकी रफ्तार 1400 फीसदी रही है यानी, हाल के सालों में भारत में एआई एप्स को डाउनलोड करने की रफ्तार 14 गुना तक बढ़ी है। क्योंकि भारत में मोबाइल फोन के सबसे बड़े उपभोक्ता 18 से 30 साल के युवा हैं। इसलिए भी भारत में एआई कंपेनियनशिप की मांग अविश्वसनीय रफ्तार से बढ़ रही है। क्योंकि इंटरनेट इस्तेमाल करने वाला यही वर्ग (18-30) सबसे बड़ा इंटरनेट यूजर वर्ग है। इसके बावजूद भी यह कहा जा सकता है कि भारत में यह सिलसिला अभी शुरुआती चलन में है, भले इसकी रफ्तार बहुत तेज हो।



### इस ट्रेंड के बढ़ने की वजहें

सवाल है, आखिर इंसानों को डिजिटल जीएफ और बीएफ तक जाने की जरूरत ही क्यों पड़ी? यानी हम आखिर यहां पहुंचे क्यों और कैसे? इसका सबसे बड़ा कारण है लोगों में बढ़ता अकेलापन। शहरी जीवन, काम का दबाव, टूटते सामाजिक नेटवर्क और भावनात्मक सहारा ढूंढ़ते युवा। वास्तव में यही वजहें हैं, जिनके चलते पिछले कुछ सालों में ही डिजिटल जीएफ/बीएफ की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। असली रिश्तों में लगातार बढ़ती असहमति, समझौते और जिम्मेदारियां एआई रिश्तों की तरफ हमें मोड़ रही हैं, क्योंकि वहां इस तरह की दुश्वारियां या तो नहीं हैं या इतनी नहीं है कि परेशान करके रख दें। क्योंकि एआई रिश्ते 'कंट्रोल्ड' होते हैं और उनको संभालना आसान होता है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एआई अब इस कदर एडवांस हो चुका है कि वह लोगों को 'सोचने और समझने' का भी भ्रम पैदा कर रहा है।

### रियल रिलेशन होंगे वीक

इस उभरते नए डिजिटल रिलेशन को लेकर गंभीर सवाल यह है कि अगर इस सिलसिले को जल्द रोका न गया, तो क्या होगा? भले ही अभी यह ट्रेंड रोमांचित कर रहा है, लेकिन सच है कि इससे हमारे जैविक रिश्ते आने वाले दिनों में बेहद कमजोर हो सकते हैं। अगर संबंध विशेषज्ञों की मानें तो यह सिलसिला इसी तरह बेकाबू आगे बढ़ता रहा तो असली रिश्ते में दूरियां बढ़ने लगेंगी। हममें से ज्यादातर लोगों के रिश्तों के नाम एआई पार्टनर होंगे, क्योंकि एआई पार्टनर झगड़ा नहीं करते और हमेशा आपकी हां में हां मिलाते हैं। इससे असली रिश्ते जटिल लगने लगते हैं और एआई रिश्ते आकर्षक हो जाते हैं। जो लोग हर दिन एआई के साथ एक से दो घंटे के लिए संपर्क में रहते हैं, उन्हें एआई से लगाव हो जाता है। वे उसे अपने पार्टनर के रूप में स्वीकार करने लगते हैं। यह वैसा ही है, जैसे सोशल मीडिया एडिक्शन। पर, यह उससे भी एक कदम आगे का एडिक्शन है, क्योंकि इससे हमारे न सिर्फ भावनात्मक रिश्ते पर चोट लग रही है बल्कि इसके कारण हमारे समाज का सदियों से मौजूद पारंपरिक ढांचा दरकने लगा है।


### मेंटल हेल्थ पर बुरा असर

डिजिटल रिलेशन का असर सिर्फ भावनात्मक रिश्तों तक ही सीमित नहीं रहता है बल्कि बढ़ते जीएफ/बीएफ ट्रेंड के कारण हमारे युवाओं के मेंटल हेल्थ पर भी गंभीर असर पड़ता है, क्योंकि शुरुआत में ये डिजिटल ब्वॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड भले राहत देते हों, लेकिन जब आप लगातार इनके टच में रहते हैं या इनका इस्तेमाल करते हैं, तो ये न केवल आपको अकेलेपन के दलदल में खींच ले जाते हैं बल्कि आपको कई तरह की हताशाओं और निराशाओं से भी भर देते हैं। अकसर एआई कंपेनियनशिप के साथ जो लोग खुश होते हैं, उन्हें नजदीक के इंसानों से रिश्ते बनाने में बड़ी मुश्किल लगती है और अगर किसी तरह से इनके रिश्ते बन भी गए, तो उन्हें यह रिश्ते बहुत पसंद नहीं आते। *



### बढ़ सकती हैं कई तरह की समस्याएं

डिजिटल जीएफ/बीएफ का बढ़ता ट्रेंड सचमुच में डरावना है। इससे आने वाले समय में कई समस्याएं सामने आ सकती हैं। इसके बढ़ने से शादी और परिवार की संस्था कमजोर होगी। कस्टम पार्टनर की आदत यानी हम जैसा साथी चाहते हैं या दूसरे शब्दों में अपनी कल्पना के साथी की तलाश में रहने लगेंगे। अगर यह चलन इसी तरह तेजी से बढ़ता रहा, तो देश और दुनिया में अकेले रहने वाले लोगों की संख्या बहुत ज्यादा हो जाएगी। कई विशेषज्ञों के मुताबिक तो अगले दो-तीन दशकों में अकेले रहने वाले लोग, साथ में रहने वाले लोगों से भी ज्यादा हो सकते हैं। इससे सामाजिक दूरी भी बढ़ेगी। यह ट्रेंड मानव समाज के सामने एक गंभीर चुनौती बन सकता है।



इंसानी सभ्यता की शुरुआत से ही हमेशा जवान, खूबसूरत दिखने की चाहत रही है। इसे पाने के लिए नेचुरल तरीकों से लेकर, साइंस, दवाएं और अब एआई तक का यूज किया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही खूबसूरती का कोई परमानेंट सॉल्यूशन हमें मिल जाएगा।

# पर्मानेंट खूबसूरती की चाहत जल्द मिल सकता है सॉल्यूशन

टेक्नोसाइंस
प्रतिमा अरोड़ा

इंसानी खूबसूरती का क्या कोई स्थायी और सार्वभौमिक फार्मूला हो सकता है? 19वीं शताब्दी से ही विज्ञान इस सवाल का जवाब ढूंढ़ रहा है। आधुनिक विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, जेनेटिक्स और कॉस्मेटिक मेडिसिन का अब लगभग यह केंद्रीय विषय बन चुका है कि दुनिया भर के इंसानों के लिए एक सार्वभौमिक खूबसूरती का पैमाना क्या हो और इसे पूरी दुनिया के स्तर पर संभव कैसे बनाया जाए? यह सोच और यह खोज इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इंसान सदियों से सुंदर होने के उपाय खोजता रहा है। कभी प्राकृतिक नुस्खों से, कभी शल्य चिकित्सा से, कभी जीन एडिटिंग से, तो अब एआई आधारित तकनीकों से भी।

### खूबसूरती की खोज की शुरुआत

19वीं सदी के अंत से ही वैज्ञानिक इंसान की स्थायी खूबसूरती का समाधान खोज रहे हैं। विशेषकर जब से शरीर रचना विज्ञान यानी एनाटॉमी और त्वचा विज्ञान यानी डर्मेटोलॉजी का व्यवस्थित विकास हुआ। तभी से विज्ञान कुछ बातों पर फोकस कर रहा है। जैसे-त्वचा की संरचना का विज्ञान क्या है और इसे हमेशा जवान कैसे बनाए रखा जा सकता है? आखिर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया क्या है और इसे कैसे रोका जा सकता है? हार्मोन और सौंदर्य के बीच क्या संबंध हैं, क्या हार्मोन में ही इंसानी सौंदर्य का रहस्य छिपा है? 20वीं सदी के मध्य में प्लास्टिक सर्जरी के बाद कॉस्मेटिक सर्जरी लगभग चमत्कार की तरह उभरकर सामने आई। इस दौर में अनेक जैविक शोधों से यह स्पष्ट हुआ कि त्वचा का रंग, बालों की बनावट, चेहरे की आकृति और झुर्रियां इन सबका बड़ा हिस्सा जीन द्वारा नियंत्रित होता है। अतः जीन नियंत्रण का विज्ञान समझ लिया जाए तो एक तरह से खूबसूरती पर नियंत्रण पाया जा सकता है।





### सौंदर्य का केंद्र जेनेटिक्स

साल 2003 में ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट लांच हुआ और यह विज्ञान के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। इससे यह समझ में आया कि मानव शरीर में मौजूद हजारों जीन, हमारे शरीर की अलग-अलग संरचनाओं और गुणों के लिए जिम्मेदार हैं। इस शोध से पता चला त्वचा की मोटाई का कारण क्या है? कोलेजन का उत्पादन कैसे होता है? उम्र बढ़ने की गति क्या होती है? बाल झड़ते क्यों हैं? केंद्रीय रूप से इन सबके पीछे विशिष्ट कारण सिर्फ जीन हैं। आज वैज्ञानिक जीनों की पहचान करके एजिंग के रहस्य का पर्दाफाश करने में लगे हैं। इस शोध और लगातार कोशिश का निष्कर्ष यह है कि सैद्धांतिक रूप से जीन स्तर पर बदलाव करके उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है।

### प्रभावी है कॉस्मेटिक टेक्नोलॉजी

हालांकि कॉस्मेटिक टेक्नोलॉजी अभी अस्थायी ही है। लेकिन निश्चित रूप से यह सौंदर्य विज्ञान का सबसे विकसित क्षेत्र है और एस्थेटिक मेडिसिन को भविष्य इंसान की खूबसूरती को स्थायी रूप देने में सक्षम माना जा रहा है। आज इसी विज्ञान के चलते-बोटोक्स, डर्मल फिलर्स, लेजर स्किन रिसर्फेसिंग तथा केमिकल पिल्स जैसी प्रक्रियाओं से लोग अपनी झुर्रियां कम कर रहे हैं। त्वचा को चिकनी, मुलायम और टाइट रख पाने में सफल हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि चेहरे को पसंदीदा आकृति देने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि अभी यह 100 फीसदी संभव नहीं है, लेकिन हर गुजरते साल के साथ यह पहले से बेहतर होती जा रही है। इस बात का सबूत है कि बहुत जल्द इंसानी खूबसूरती का स्थायी समाधान बनकर कॉस्मेटिक टेक्नोलॉजी सामने आएगा।

### जीन एडिटिंग में है भविष्य

साल 2012 के बाद जीन एडिटिंग तकनीक, जिसे सीआरआईएसपीआर-सीएएस-9 कहा जाता है, ने चिकित्सा जगत में क्रांति ला दी। इस तकनीक के जरिए वैज्ञानिक खराब जीन काट सकते हैं, नए जीन जोड़ सकते हैं, जीन के व्यवहार को नियंत्रित कर सकते हैं। ये सब सहूलियतें उम्मीद जता रही हैं कि भविष्य में इंसान गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, थैलेसीमिया और जेनेटिक डिसऑर्डर से पार पाने में सफल रहेगा। एजिंग के प्रभाव को धीमा किया जा सकता है, बालों के झड़ने को रोका जा सकता है, त्वचा को युवा बनाए रखने की स्थायी तरकीब ढूंढ़ी जा सकता है। लब्बोलुआब यह कि सिर्फ सुंदरता बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए, जीन एडिटिंग की कवायद लगातार जारी है।

### एआई और पर्सनलाइज्ड ब्यूटी

एआई आधारित सिस्टम के जरिए अब हम यह जान सकते हैं कि किसी व्यक्ति की त्वचा कितनी बूढ़ी है और वह किस रफ्तार से बूढ़ी हो रही है? वास्तव में इस सारी जानकारी को पर्सनलाइज्ड ब्यूटी प्लान के नाम से जानते हैं और इस प्लान के अस्तित्व में आने के बाद अब अलग-अलग इंसानों का स्वतंत्र रूप से खूबसूरत और स्वस्थ होना ज्यादा आसान और गारंटीड हुआ है। वैज्ञानिकों को भरोसा है कि अब खूबसूरती का स्थायी समाधान हासिल करने में बहुत देर नहीं है। *




गजल
सुधा मिश्रा 'तितिक्षा'

मौसमों की करवटें, इक आईना दिखला रही हैं,
वादियां, यादों के वो लम्हात, फिर दुहरा रही हैं।
जिन निगाहों में कभी, शर्म-ओ-ह्या की चिलमनें थीं,
हो चुकी बेलौस, पलकें भी कहां झपका रही हैं।
शादमां है दिल, नजर की बेकरारी रंग पर है,
मस्तियां रुख्सारों पे, कुछ सिलवटें बिखरा रही हैं।
कंपकंपी में गर्म चादर, की तरह उनको लपेटे,
जो गुजारी हैं कभी, रातें वही तड़पा रही हैं।
जेठ की दोपहरियों में, जल रही वीरानियां ये,
चिलचिलाती धूप में, उनको पुकारे जा रही हैं।
भीगते सावन में फिर, झीनी फुहारें लौट आईं,
अश्क पलकों में लिए, परछाइयां टकरा रही हैं।
झूमती रिमझिम घटाएं, तिश्नगी में चूर होकर,
ये हवाएं सरसराती, मस्त हो बल खा रही हैं।
चुप मनाजिर थे मगर, फिर झील से हलचल उठी वो,
कुछ हिलोरें नाव में, तन्हाईयां भी ला रही हैं।
मुंतजिर बैठी 'सुधा', है सब्र का दामन संभाले,
जिंदगी कम पड़ न जाए, फिक्रें ये घबरा रही हैं।

# सभी करते थे बाबू जी का सम्मान



स्मरण
अरविंद कुमार



हिंदी के प्रख्यात कथाकार अमरकांत जी का यह जन्मशती वर्ष है। उनकी कहानियों और उपन्यासों से तो अधिकांश साहित्यप्रेमी परिचित हैं ही, पर उनके व्यक्तित्व और स्वभाव में उपस्थित सदाशयता, विनम्रता के बारे में लोग कम ही जानते हैं। उनके सुपुत्र अरविंद कुमार ने अपने पिता से जुड़ी कुछ भावभीनी स्मृतियां **हरिभूमि** से साझा कीं। दुर्भाग्य से कुछ माह पूर्व अरविंद जी का निधन हो गया।

बाबू जी (अमरकांत जी) सपरिवार लखनऊ से जब करेलाबाग कॉलोनी (इलाहाबाद अब प्रयागराज) में आकर रहने लगे तो वहां एक अलग माहौल देखने को मिला। इस कॉलोनी में पांच सौ चार क्वार्टर्स हुआ करते थे, जिसमें हिंदू, मुसलमान, सिख और ईसाई सभी रहा करते। वहां बहुत ही सुखद सामाजिक रिश्तों का ताना-बाना, सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। हर तरफ हरियाली एवं सांस्कृतिक परिवेश का माहौल था। हमारे क्वार्टर के ठीक सामने एक बड़ा अमलतास का पेड़ था। गर्मियों में इसके फूल खिलते तो ऐसा महसूस होता था, जैसे पेड़ पीले गहनों से सजा हुआ है, एक बार नामवर सिंह जी दो-चार लोगों के साथ आए तो इस स्थान ने उन्हें अभिभूत कर दिया, वे बोले, 'अमरकांत जी हम लोग इसी मनोरम जगह पर बैठेंगे। सुबह का समय, यहां की अनुभूति कैसी होती है, महसूस किया जाए।' दरअसल, पेड़ों पर तरह-तरह के पक्षियों का आवागमन, उनका कलरव मोहक लगता। इसीलिए आने वाले लोगों को यह स्थान मनोरम लगता।

कॉलोनी के बाहर की एक सड़क (नूर उल्लाह रोड, जो स्टेशन से सीधी करेली गांव तक जाती) पर मिस्टर रफी अहमद नाम के व्यक्ति का प्रेस एवं पेपर कटिंग मशीन लगी थी। इस स्थान पर रोजाना दो खेल शतरंज एवं कैरम सायं सात बजे से रात्रि बारह बजे तक नियम से खेला जाता। रफी साहब का बाबू जी से बहुत अच्छा संबंध था। बाबू जी को भी उक्त दोनों खेल पसंद थे। शनिवार के दिन अकसर वहां उनका इंतजार रहता। बगल के मोहल्ला रसूलपुर से भी शतरंज और कैरम में रुचि रखने वाले कुछ लोग आते, जिसमें दो नाम खासतौर पर मुझे याद हैं एक बहार आलम, जो पेशे से वकील, साहित्य कला में भी दिलचस्पी रखते थे। और उनके छोटे भाई नन्हे पहलवान भी उनके साथ आया करते थे। एक रोज की बात है, मां ने मुझसे कहा, 'रात अधिक हो गई है। रफी अहमद के यहां जाकर देखो बाबू जी अभी आए क्यों नहीं?' मैं कुछ ही समय पश्चात वहां पहुंच गया। खेल में बड़ी खामोशी थी। शतरंज की अंतिम बाजी पर लोगों की निगाहें गड़ी हुई थीं। कई शोहरतमंद गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में खेल हो रहा था। उर्दू अनुवादक हुनर साहब, स्थानीय विधायक हबीब अहमद आपस में बाजी लगा बैठे थे। बाबू जी की दूसरी तरफ खिलाड़ी बहार आलम थे। पंद्रह मिनट का समय लगा, बाजी बाबू जी ने अपने पक्ष में कर ली। सभी बाबू जी को बधाई देने लगे। पर वे बहार आलम के खेल की सराहना करते जा रहे थे, 'बहुत अच्छा खेला आपने।' बाबूजी का स्वभाव ऐसा ही था, उनमें दंभ जरा भी नहीं था।

बाबूजी से जुड़ी एक और स्मृति याद आ रही है। अक्टूबर 1987 का दिन, वे गंभीर रूप से बीमार पड़े। वे मेटाबॉलिक बोन डिजीज से ग्रसित हो गए। उन्हें स्पाइनल कॉर्ड में इंफेक्शन हो गया था। प्रारंभ में कई डॉक्टरों से संपर्क किया गया, डॉक्टरों ने जॉगिंग और एक्सरसाइज करने की सलाह दी। उन्हें पेनकिलर के सहारे मुक्त कर दिया गया। समस्या यह हो गई कि उन्हें कोई भी खान-पान की चीज अच्छी नहीं लग रही थी और उनके बैक बोन में असहनीय दर्द था। मेडिकल कॉलेज के हड्डी के एक्सपर्ट डॉक्टरों ने कहा, 'घबराने की बात नहीं है उम्र का तकाजा है।' जबकि ऐसी भी उम्र नहीं थी कि उस पर दोष मढ़ा जाए। बहरहाल, वे घर आ गए। मगर समस्या जस की तस बनी रही।

वे उन दिनों महिलाओं की पत्रिका 'मनोरमा' का संपादन कर रहे थे, किंतु स्वास्थ्य की वजह से असमर्थ हो गए थे। इसकी जानकारी डॉ. शांति चौधरी जी को हुई तो वे भागे-भागे घर पर आईं और पूरी जानकारी ली। उन्होंने अगले दिन इलाहाबाद मेडिकल कॉलेज में वीआईपी वार्ड बुक करवाया। सभी चेकअप हुए। जानकारी मिली कि बाबू जी का हीमोग्लोबिन चार प्रतिशत पर आ गया है, जोकि बहुत ही चिंताजनक था। नामी विशेषज्ञ डॉक्टर ने देखा। बाबू जी दो दिन अस्पताल में रहकर वापस घर आ गए। शांति चौधरी जी, बाबू जी को पिता तुल्य मानती थीं। हम लोगों का उनसे बहुत आत्मीय रिश्ता रहा है। वह 'मनोरमा' से विशेष कार्याधिकारी के रूप में जुड़ी थीं और इलाहाबाद मेडिकल कॉलेज में पीआरओ के पद पर थीं।

कुछ दिनों तक जब बाबू जी की सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ तो चिंता हुई। तभी उन्हें देखने के लिए एस. के. दुबे आए जो टाइम्स ऑफ इंडिया के ब्यूरो चीफ थे। उन्होंने बताया डॉ. आर. सी. गुप्ता ऑस्ट्रेलिया से आ गए हैं, एक बार उन्हें बाबू जी को दिखाया जाएगा। उस समय रात्रि के आठ बजे हुए थे। लेकिन मुझे दूसरे दिन पर न टालकर रात्रि में ही ले जाना उचित लगा।

क्लीनिक बंद होने का समय रात्रि नौ बजे तक था। हम लोग पौने नौ बजे अस्पताल पहुंच गए। काउंटर बंद हो रहा था। डॉक्टर के असिस्टेंट डॉ. ए. के. सिंह ने बताया कि आप फीस जल्दी जमा कर दें, डॉ. साहब उठने वाले हैं। तभी डॉ. आर. सी. गुप्ता हम लोगों के समीप आए। उनकी पोशाक, पैर में खड़ाऊ और खद्दर का कुर्ता-पाजामा। पूछा, 'इन्हें क्या हो गया?' मैंने सभी बातें बताईं। उन्होंने असिस्टेंट डॉ. सिंह से कहा कि उस जगह का एक्स-रे करें जहां दर्द है। मैंने बताया प्रेस में जॉब करते हैं। फिर उनका सवाल था खड़े होकर काम करते हैं या बैठकर? मैंने कहा, 'बैठकर ही करते हैं।'

डॉक्टर गुप्ता ने पूछा, 'प्रेस कहां पर है?' जब मैंने प्रेस का नाम बताया, तो बोले, 'अरे यह प्रेस तो बहुत बड़ा है। यहां से तो पांच-छह मशहूर पत्रिकाएं निकलती हैं माया, मनोरमा, सत्यकथा, मनोहर कहानियां, प्रोब इंडिया। मनोरमा के संपादक तुम्हारे पिता के नाम वाले ही हैं, उनका नाम अमरकांत है, मगर वह बड़े राइटर हैं।'

मैंने जब उनसे कहा कि वे यही हैं। इस पर पहले तो डॉक्टर साहब मुझे कुछ सेकेंड एकटक देखते रहे फिर उठकर एक्स-रे रूम में गए। कुछ सेकेंड में डॉक्टर ए. के. सिंह जी बाहर आए और रसीद काउंटर रूम में गए। मेरे जमा किए गए पैसे लाकर विनम्रतापूर्वक मुझे दे दिए। बोले, 'डॉक्टर साहब ने पैसे वापस करने के लिए कहा है।' डॉक्टर आर. सी. गुप्ता पंद्रह-बीस मिनट में अपने चैंबर में वापस आ गए, बोले, 'जो मुझे शक था वही निकला।' उन्होंने अपने क्लीनिक से पूरे एक माह की दवा मुझे दी। मैं पैसे निकालने लगा, तो मना कर दिया, फिर बोले 'इनका पूरा इलाज मैं करूंगा। आपको कोई तनाव नहीं लेना है। मैं आपके साथ हूं। मुझे अमरकांत जी की सेवा करने का मौका मिला, मेरा सौभाग्य है। मैं कमिश्नर, मंत्री के घर नहीं जाता हूं, लेकिन मैं आपके घर नियमित आकर इनको देखूंगा। अस्पताल आने की जरूरत नहीं है, घर पर ही सभी इंतजाम करवा दूंगा।' उन्होंने सच में ऐसा ही किया। घर पर ही बाबू जी को ट्रैक्शन लगवाया, साथ ही कमर से लेकर छाती तक प्लास्टर भी करवाया। छह माह तक वे बाबू जी को देखने घर नियमित आते रहे, न कभी फीस लिया और दवा, इंजेक्शन के खर्च से भी मुक्त रखा। बाबू जी छह माह ट्रैक्शन, प्लास्टर और दवा पर रहे, सीधे लेटे रहते। मर्ज जरूर दूर हो गया किंतु स्पाइनल कॉर्ड डिफार्मर हो गया। बाबू जी को कष्ट तो बहुत रहा लेकिन डॉक्टर आर. सी. गुप्ता जैसे लोगों का उनके प्रति आदर और प्रेम देखकर मैं अभिभूत हो जाता था। बाबू जी इतने बड़े लेखक-संपादक थे लेकिन उनका व्यक्तित्व इतना सरल रहता कि हर कोई उनका सम्मान करता था। *